जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 162, पृष्ठ 8, मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 08 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# नई शिक्षा नीति देश को नई दिशा देगी: पीएम

## हमारे लिए विकास का अर्थ गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और महिलाओं का





**वाराणसी: पीएम** मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश को नई दिशा देगी। शिक्षा और शोध पर मंथन जरूरी है। नई पीढ़ी पर बड़ी जिम्मेदारी है। हमें उनके मन और उनकी आकांक्षाओं को समझना होगा।"देश को आगे बढ़ाने के लिए हम हर तरह के मानव संसाधन उपलब्ध कराएं। हमारे शिक्षक जितनी तेजी से इस भावना को आत्मसात करेंगे देश को उतना ही ज्यादा लाभ होगा।" जिन लक्ष्यों को पाने की देश कल्पना भी नहीं करता था, आज के भारत में वह सब संभव है। कोरोना जैसी महामारी से हम कितनी तेजी के साथ उबरे। यह पूरे विश्व ने देखा। "नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए देश के एजुकेशन सेक्टर में एक बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी काम हुआ है। आज देश में बड़ी संख्या में नए कॉलेज खुल रहे हैं।"

"आने वाले समय में भारत दुनिया के देशों में एजुकेशन के लिए एक बड़ा सेक्टर बन सकता है। हमने हर पल इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जिंदा रखा है।" "हम भावनाओं के आधार पर दुनिया नहीं बदल सकते। परिणाम के बावजूद आज प्रमाण की आवश्यकता इस दुनिया को है।" "दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा आज हमारा देश युवा है। कल हमारा देश भी बुजुर्ग होगा। इस पर यूनिवर्सिटी में अध्ययन होना चाहिए।" "स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में जहां पहले केवल सरकार ही सब करती थी। वहां अब प्राइवेट प्लेयर्स के जरिए युवाओं के लिए नई दुनिया बन रही है।" "राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल आधार, शिक्षा को संकुचित सोच के दायरों से बाहर निकालना और उसे 21वीं सदी के आधुनिक विचारों से जोड़ना है।" "हम केवल डिग्री धारक युवा तैयार न करें, बल्कि देश को आगे बढ़ने के लिए जितने भी मानव संसाधनों की जरूरत हो, हमारी शिक्षा व्यवस्था वो देश को दे।"

**काशी के लोगों के बीच रहना खुशी की बात:** दिल्ली से निकलने से पहले उन्होंने ट्वीट कर लिखा, "विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने वाराणसी जा रहा हूं। काशी के लोगों के बीच रहना हमेशा खुशी की बात है।" पीएम मोदी चार महीने बाद काशी पहुंचे हैं।

**20 छात्रों से बातचीत की:** एलटी कॉलेज परिसर में अक्षयपात्र किचन का लोकर्पण पीएम मोदी ने किया। यहां उन्होंने सरकारी स्कूलों के 20 छात्रों से बातचीत किया। इस अक्षयपात्र किचन से सेवापुरी ब्लॉक के सरकारी स्कूलों के 25 हजार बच्चों के लिए रोजाना भोजन जाएगा। टारगेट 1 लाख बच्चों के लिए एमडीएम तैयार करने का है। बाद में ये एमडीएम दो लाख स्कूली बच्चों तक पहुंचाया जाएगा।



**काशी की आत्मा अविनाशी: पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी में डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 1700 करोड़ की परियोजनाओं का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया है। मोदी ने भोजपुरी से भाषण की शुरूआत की। पीएम ने कहा, "हर-हर महादेव। काशी में कहल जाला कि यहां सात वार नौ त्योहार होला। कहले का मतलब ई हौ कि यहां रोज-रोज नया-नया त्योहार मनावल जाला। "मैं आज चुनाव के बाद पहली बार आपके बीच आया हूं। काशी हमेशा से जीवंत और निरंतर प्रवाहमान रही है। काशी ने पूरे देश को एक तस्वीर दिखाई है जिसमें विरासत भी है और विकास भी है।" "काशी की आत्मा अविनाशी है, लेकिन काया में निरंतर नवीनता के लिए हम जी जान से जुटे हैं।" "काशी की गलियों-कुंडों, घाटों और रेलवे स्टेशन से लेकर एयरपोर्ट तक विकास हो रहे हैं।" पीएम ने कहा कि "काशी के नागरिकों ने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि शॉर्टकट से देश का भला नहीं हो सकता। हां कुछ नेताओं का हो सकता है।""हमारे लिए विकास का अर्थ सिर्फ चमक-दमक नहीं है। विकास का अर्थ है दलित, गरीब, वंचित, पिछड़े, आदिवासी, माताओं और बहनों का सशक्तिकरण।" "आज जिस स्टेडियम में हम सभा कर रहे हैं वह विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस होगी। छह दशक पुराने स्टेडियम में 21वीं सदी की सुविधाएं होंगी।"

## गंगा की निर्मलता और स्वच्छता के लिए प्रयासरत: मोदी



"**गंगा** की निर्मलता और स्वच्छता के लिए हमारा जो संकल्प है उसके लिए हमें लगातार प्रयास करते रहना है।" पीएम ने आगे कहा कि "काशीवासियों के विश्वास और बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से हमारे हर संकल्प सिद्ध होने ही वाले हैं।" अखिल भारतीय शिक्षा नीति समागम कार्यक्रम में भाग लेने वाराणसी पहुंचे पीएम मोदी। अखिल भारतीय शिक्षा नीति समागम कार्यक्रम में भाग लेने वाराणसी पहुंचे पीएम मोदी। इससे पहले पीएम ने रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा, "हमारे देश में मेधा की कमी नहीं रही है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसी शिक्षा नीति बना कर दी गई थी कि पढ़ाई का मतलब सिर्फ नौकरी ही माना जाने लगा था।" रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। इसमें देशभर के शिक्षाविद् पहुंचे हैं।

# छत्तीसगढ़: अब बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे...

## राज्य के स्कूलों में शनिवार को बच्चों को 'बैगलेस' करने का फैसला



**रायपुर:** छत्तीसगढ़ में अब बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। दरअसल, भूपेश बघेल सरकार ने स्कूली शिक्षा को रोचक और आस-पास के माहौल से जोड़ने के लिए एक बड़ी घोषणा की है। सरकार ने राज्य के स्कूलों में शनिवार को बच्चों को 'बैगलेस' करने का फैसला किया है। स्कूल शिक्षा विभाग के मुताबिक, इस 'बैगलेस डे' यानी शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाएंगे। गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने यह घोषणा की।

**शनिवार को होंगी ये गतिविधियां:** अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत शनिवार को स्कूलों में योग, व्यायाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां आदि कराई जाएंगी। इस पहल के तहत स्कूली बच्चे हर शनिवार को अब खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि भूपेश बघेल सरकार ने यह कदम स्कूली शिक्षा को रोचक, व्यावहारिक और बच्चों को अपने आस-पास के माहौल से जोड़ने के लिए उठाया है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को स्कूलों में योग, व्यायाम, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस नए कदम से बच्चों में स्कूल आने और उनकी अन्य रुचियां जाग्रत होंगी। इसके साथ ही बच्चों को स्कूली शिक्षा ज्ञानवर्धक के साथ मनोरंजक भी लगेगी।

**जिला शिक्षा अधिकारियों को किया गया है निर्देशित:** स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बाबत जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। विभाग ने उन्हें इस पहल को जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में व्यायाम, योग, खेलकूद प्रतियोगिताएं, साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियां, मूल्य-शिक्षा, कला-शिक्षा आदि का आयोजन किया जाएगा।

## कर्नाटक: केरूर में दो गुटों में झड़प, 10 लोग गिरफ्तार

**केरूर:** कर्नाटक के केरूर में बुधवार को दो समुदाय के लोगों के बीच विवाद हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिलाओं से छेड़खानी को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इस दौरान एक समुदाय की दुकानों में तोड़फोड़ कर दी गई, वहीं कई गाड़ियों मे आग लगा दी गई। फिलहाल स्थिति पर नियंत्रण हैं। शहर में शुक्रवार तक धारा 144 लागू कर दी गई है।

**कई जगह पर की तोड़फोड़:** या रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक समुदाय के युवक यासिन से दूसरे समुदाय के दो भाई ।

# लालू की हालत नाजुक, बॉडी मूवमेंट बंद



**पटना:** लालू यादव की तबीयत बेहद बिगड़ गई है। देर रात उन्हें पटना से दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। यहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। तेजस्वी यादव ने बताया, 'उनका पूरा चेकअप किया जाएगा। उसके बाद इलाज शुरू होगा। फिलहाल बॉडी में मूवमेंट नहीं हो पा रहा है।' तेजस्वी ने बताया कि गिरने से लालूजी को तीन फ्रैक्चर हुए थे। इसके बाद उनकी स्थिति बिगड़ गई। उधर, लालू के लिए दुआओं का दौर भी जारी है। पटना के मंदिर और मस्जिदों में दुआ की गई। छोटे बच्चों ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

**लालू की हालत नाजुक, दिल्ली एम्स में इलाज जारी:** लालू यादव दिल्ली के एम्स में भर्ती हैं। उनकी हालत नाजुक है। उनके शरीर में टॉक्सिन की मात्रा बढ़ रही है। क्रिएटनिन लेबल 4 से 7 पहुंच गया है। जिससे डायलिसिस की जरुरत महसूस हो रही है। किडनी के सही ढंग से काम नहीं करने के कारण यूरिया बढ़ रहा है। उनके बॉडी में मूवमेंट नहीं हो रही। शरीर लॉक हो गया है। लालू यादव की किडनी 20 प्रतिशत ही काम कर रही है। शरीर में यूरिया बढ़ रहा है। बॉडी लॉक होने का कारण भी यूरिया ही है। डॉक्टरों का कहना है कि ब्रेन में यूरिया की मात्रा बढ़ने से वो सही तरीके से काम नहीं कर रहा। ब्रेन का कमांड लेवल कम हो गया है, जिससे शरीर को काम करने के लिए सिग्नल नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति को सेमी कोमा भी कहा जाता है। इस पर ब्लड प्रेशर और हार्ट रेट भी सामान्य से अधिक होना खतरे की घंटी है।

## 'मोइत्रा के पास गलती को सुधारने के रास्ते हैं मौजूद'

**कोलकाता: मां का**ली को शराबी और मांसाहारी कहने संबंधी तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा के बयान के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि लोग गलती करते हैं लेकिन उन्हें सुधारा जा सकता है। उन्होंने इशारे में मोइत्रा को माफी मांगने की नसीहत देते हुए कहा है फिर गलती को सुधारने के रास्ते मौजूद हैं। मुख्यमंत्री बनर्जी गुरुवार को यहां नेताजी इनडोर स्टेडियम में छात्रों के क्रेडिट कार्ड वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। ममता ने कहा, "हम गलतियां करते हैं लेकिन उन्हें सुधारा जा सकता है। कुछ लोग अच्छे काम नहीं देखते हैं और अचानक बोलना शुरू कर देते हैं। नकारात्मकता हमारे मस्तिष्क की कोशिकाओं को प्रभावित करती है, इसलिए सकारात्मक सोचें।" मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा देवी काली को अपनी टिप्पणी के लिए पूरे देश में आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। उनके विवादित बयान से तृणमूल कांग्रेस ने पहले ही खुद को अलग कर लिया है। पार्टी ने एक ट्वीट में कहा कि मोइत्रा की टिप्पणियां और देवी काली पर व्यक्त विचार उनके निजी हैं।

## कश्मीर में रामानुजाचार्य की शांति प्रतिमा स्थापित होना शुभ संकेत: शाह



**नई दिल्ली/कश्मीर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में स्वामी रामानुजाचार्य जी की शांति प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ पीस) का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज कश्मीर में इस शांति प्रतिमा का प्रतिष्ठित होना पूरे देश, विशेषकर जम्मू-कश्मीर के लिए, एक बहुत शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर शांति और प्रगति के रास्ते पर अग्रसर हो चुका है। शाह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कश्मीर में आतंक पर निर्णायक वर्चस्व स्थापित करने का काम किया है। मनोज सिन्हा ने कश्मीर के जन-जन तक बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि एक लंबे समय के बाद देश को अपेक्षा थी कि धारा 370 और 35ए हट जाए और कश्मीर भारत के साथ अभिन्न रूप से जुड़ जाए। इस अपेक्षा को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया और 5 अगस्त 2019 से कश्मीर में एक ?ए युग की शुरूआत हुई है। ऐसे समय में इस शांति प्रतिमा की स्थापना सभी धर्मों को मानने वाले कश्मीरियों के लिए रामानुजाचार्य का आशीर्वाद और संदेश लेकर आएगी और कश्मीर को शांति और प्रगति के रास्ते पर और आगे ले जाएगी। शाह ने आगे कहा कि भारत में हर युग में, जब भी समाज को सुधारों की जरूरत पड़ी, किसी न किसी महापुरुष ने आकर सच्चा रास्ता दिखाने का काम किया है और रामानुजाचार्य जी का जन्म भी ऐसे समय पर हुआ जब देश को एक महापुरूष की जरूरत थी।

## 2014 के बाद 500 फीसदी बढ़े नफरत देने वाले बयान



**नई दिल्ली:** देश में इन दिनों भड़काऊ बयानबाजी को लेकर फिर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा से निलंबित नेता नुपुर शर्मा के कथित बयान पर काफी हंगामा हुआ है। इसे लेकर देश के कई हिस्सों में हिंसा भी हुई थी। इतना ही नहीं कतर और ईरान जैसे मुस्लिम देशों ने भी भारत को निशाने पर ले लिया है। हाल ही में टीमएसी की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर भी बवाल मच गया है। कई राज्यों में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है। देश में 2014 से लेकर 2020 के बीच नफरत देने वालों बयानों की संख्या छह गुना बढ़ गई है। यानी इसमें 500 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। भारतीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153-ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा के आधार पर दो अलग समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) के अंतर्गत दर्ज होने वाले मामलों की संख्या साल 2014 से 2020 के बीच छह गुना हो गई है। पिछले सात साल में इस तरह के सबसे कम मामले 2014 में आए थे, जब केवल 323 मामले दर्ज हुए। 2020 में ऐसे सबसे अधिक 1,804 मामले दर्ज किए गए। उस साल इस धारा के तहत सबसे अधिक 303 मामले तमिलनाडु में दर्ज किए गए। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 243, तेलंगाना में 151, असम में 147 और आंध्र प्रदेश में 142 मामले दर्ज हुए।

इसी तरह धारा 153 बी (देश की अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले अभियोग, बयान) के अंतर्गत मामलों की संख्या भी 2014 से 2020 के बीच छह गुना हो गई। 2014 में ऐसे 13 मामले दर्ज हुए थे और 2020 में 82 मामले आए। नफरत फैलाने वाले बयानों की परिभाषा किसी भी भारतीय कानून में नहीं दी गई है।

## केन्द्र ने किसानों और गरीबों के साथ किया धोखा : कांग्रेस

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार किसानों और गरीबों का शोषण कर रही है और कुछ चंद उद्योगपतियों को मालामाल बना रही है। कांग्रेस नेता और सांसद रणदीप सिंह हुड्डा ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को खत्म करना चाहती है। यह सरकार संयुक्त किसान मोर्चे से किए वादे को भूल चुकी है। मोर्चे के साथ समझौते में केन्द्र ने वादा किया था कि वह एमएसपी पर कमेटी बनाएगी लेकिन अभी तक केन्द्र की ओर से कोई पहल नहीं हुई है। हुड्डा ने कहा कि किसान आंदोलन को खत्म कराने के लिए केन्द्र सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा से किसानों की आमदनी दोगुना करने, न्यूनत समर्थन मूल्य के लिए एमएसपी के लिए समिति गठित करने का वादा किया था। इस वादे को केन्द्र ने ठंडे बस्ते मे डाल दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र ने किसान नेताओं से वादा किया था कि यूपी के लखीमपुर खीरी हिंसा में किसानों को कुचलने के मामले में केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को मंत्रिमंडल से बाहर करेंगे लेकिन सरकार उनको हटाने को तैयार नहीं है। हुड्डा ने कहा कि यूक्रेन दुनिया में गेहूं की सप्लाई करता रहा है लेकिन यूक्रेन इस समय रूस के साथ युद्ध में फंसा है। ऐसे में भारत के किसानों को गेहूं के अच्छे दाम मिल सकते थे लेकिन भारत के किसानों का कोई भला नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो फायदा किसानों को मिलना चाहिए था।

# यजमानी विवाद हत्याकांड के तीनों आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

## दिनदहाड़े तीर्थ पुरोहित आशीष तिवारी को लाइसेंसी बंदूक से मारी गई थी गोली

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के सच्चा बाबा नगर में मंगलवार को यजमानी के विवाद में तीर्थ पुरोहित आशीष तिवारी उम्र लगभग 25 वर्ष को दिनदहाड़े गोली से उड़ा दिया गया था वही सगे भाइयों लवकुश व रमाशंकर तिवारी पर भी हमला किया गया था जिससे दोनों घायल हो गए थे । घटना के 24 घंटे के अंदर प्रयागराज पुलिस ने हत्याकांड में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि यजमानी के पैसों को लेकर विवाद की वजह से आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था । वहीं एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने बताया कि आरोपी आला कत्ल डबल बैरल बंदूक को ठिकाने लगाने आ रहे थे तभी इन्हें धर दबोचा गया।

**सीवर की पाइप में छिपा दिया था लाइसेंसी बंदूक :** एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने बताया कि आरोपी हनुमान तिवारी उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र स्वर्गीय संतोष तिवारी शिव प्रसाद तिवारी उम्र 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय संतोष तिवारी और राजा बाबू मिश्रा 35 वर्ष पुत्र लालचंद निवासी नैनी हत्याकांड को अंजाम देने के बाद एक ही बाइक सवार होकर फरार हुए थे । इन आरोपियों ने हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक को नैनी के पास स्थित एक सीवर लाइन की पाइप में छिपा दिया था जो गुरुवार की सुबह यह इस लाइसेंसी बंदूक को ठिकाना लगाने के लिए आ रहे थे तभी मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**तीन सगे भाइयों पर की गई थी फायरिंग :** 6 जुलाई की दोपहर यजमानी के विवाद में तीर्थ पुरोहित आशीष तिवारी 25 की गोली मार हत्या कर दी गई थी जबकि मृतक के भाई और रमाशंकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दर्शन तीर्थ पुरोहितों के बीच हर दिन का रोस्टर लागू होता है वह उस दिन हुए दान के पैसे को लेता है । चाहे दान हो या ना हो वह दिन उसका होता है । लेकिन रोस्टर ना मानने को लेकर विवाद हुआ जिसमें तीर्थ पुरोहित की हत्या कर दी गई थी।



पुलिस के गिरफ्त में तीनों आरोपी



बरामद की गई लाइसेंसी बंदूक व मौजूद पुलिस के अधिकारी

### आरोपियों पर घोषित किया गया था 25 -25 हजार का इनाम

एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों हनुमान तिवारी शिव प्रसाद तिवारी और राजा बाबू मिश्रा पर जिंदा या मुर्दा पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25-25 हजार इनाम की घोषणा की थी साथ ही आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया गया था।

## खबर संक्षेप

### महाशक्ति यज्ञ में पहुचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

**झूंसी।** क्षेत्र के बदारा सोनौवटी स्थित पुरन्दर आश्रम में चल रही 18 दिवसीय माहशक्ति यज्ञ में पूजा अर्चना करने गुरुवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुचे। केशव मौर्य पूजा अर्चना कर उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया साथ ही उपस्थित भाजपा नेताओं से भी मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को यज्ञ में शामिल होने सुबह ही आना था पर किन्ही कारणों से वह सुबह नही पहुच सके गुरुवार की शाम 7 बजे पहुचे जहा उन्हेंने यज्ञ का पोशाक धारण कर यज्ञ में सम्मिलित होकर जन कल्याण के लिए पूजा अर्चना की। इस दौरान जिलापंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक गुरुप्रसाद मौर्य, जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, अमर नाथ यादव, मनोज निसाद, मोहित केशरवानी, राना मिश्रा, तरुण मिश्रा, मिथिलेश मौर्य सहित भारी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### पांच स्वास्थ्य उप केंद्रों पर आयोजित हुआ स्मार्ट सम्मेलन



**रत्योरा।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के विभिन्न स्वास्थ्य उप केंद्रों साजी, अयोध्या, कूदर, रामगढ़ भगेसर पर परिवार नियोजन के तहत पुरुषों की सहभागिता हेतु मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों पर ग्राम प्रधानों का पूर्ण सहयोग रहा। यह सम्मेलन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह के निर्देशन में बीसीपीएम महेंद्र कुमार सोनकर एवं सभी उपकेंद्र की एएनएम आशा एवं आंगनवाड़ी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन के साधनों के विषय में जानकारी दी गई। और पुरुषों की नसबंदी हेतु लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता हेतु उपस्थित लोगों के बीच कुछ गेम भी कराए गए एवं प्रश्नोत्तरी गेम के माध्यम से लोगों के क्षमता कौशल का परीक्षण भी किया गया। जिसके उपरांत मिस्टर स्मार्ट विजेता चुने गए धनंजय सिंह, पंकज, विनय कुमार, सुनील कुमार तिवारी, नरेंद्र कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोराओं की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर स्मार्ट स्वरूप चुने गए प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

### दिव्यांग बच्चो में वितरित किया गया कापी किताब



**झूंसी।** पूर्वांचल खादी ग्रामोद्योग विकास समिति द्वारा संचालित ग्रामीण विकलांग विद्यालय के चेयरमैन गोपेश तिवारी की अध्यक्षता में विद्यालय के दिव्यांग बच्चों में अध्ययन सामग्री वितरित की गई। संस्था के चेयरमैन गोपेश तिवारी ने बताया कि 82 दिव्यांग बच्चों में अध्ययन सामग्री वितरित की गई है। सस्था विगत कई वर्षों से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सेवा व सहायता के लिए कार्य कर रही है। समय समय पर दिव्यांग बच्चों के अधिकार जनजागरण के लिए संस्था द्वारा विविध कार्यक्रमो का भी आयोजन किया जाता रहता है। इस अवसर पर प्रज्ञा तिवारी, अक्षत, दीपक त्रिपाठी, आशुतोष, पूनम, श्वेता, दीप्ती, आराधना, पूजा सहित छात्र- छात्राओं के अभिवावक मौजूद रहे।

### प्रदेश मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष बने आचार्य मयंक मिश्रा



**प्रतापपुर।** प्रदेश मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह की अध्यक्षता में प्रयागराज महानगर में आयोजित बैठक में प्रतापपुर निवासी आचार्य मयंक मिश्रा को प्रदेश मानवाधिकार संगठन का प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामना दिया और उनके मनोनयन पर विभव सिंह, अन्नु सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष पं.आशुतोष त्रिपाठी जी, गुड्डू मिश्र, नरेन्द्र देव यादव प्रधान ठटा ने बधाई दिया है।

### आयुष्मान योजना : सहायक सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण



**करछना।** विकास खंड करछना के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड योजना के विषय में सहायक विकास अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा की उपाथिति में पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के दौरान सहायक पंचायत सचिवो को बताया गया कि सहायक पंचायत सचिव अपने- अपने ग्राम पंचायतों में सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान, एवं पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को इस योजना का जिनको अभी तक लाभ नहीं मिल रहा है उनके सभी दस्ता वेज उस प्रकिया के तहत योजना के अंतर्गत जोड कर लाभ दिलाने का काम करें जिससे सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सकें प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में , जिसमे पंचायत सहायक आकांक्षा पांडे , शुभम विश्वकर्मा, आलोक यादव , पंकज निषाद , सुशील पटेल , स्वाति शुक्ला , रविशंकर , ज्योति , आशुतोष , प्रतिभा पटेल , सविता यादव , अमित कुमार , सौरभ खंड प्रेरक अतुल मिश्रा और दुष्यंत आदि लोग शामिल रहे।

# अंतर्जनपदीय वाहनचोर गिरोह का पुलिस ने किया पदार्फाश

**जंघई।** मीरगंज थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता, मयफोर्स व थानाध्यक्ष मु0बादशाहपुर मयफोर्स करौर बार्डर पर आपस में बातचीत करके वाहन चेकिंग लगा दिया। मुखबिर की सूचना पर कि एक चोरी की बाइक पर सवार होकर तीन अंतर्जनपदीय वाहनचोर आ रहे हैं।इस सूचना पर पुलिस वाले सतर्क द्दष्टी रखते हुए वाहन चेकिंग करने लगे एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन व्यक्ति जंघई के तरफ से आ रहे थे कि पुलिस वालों की गाड़ी देखकर तेजी से पीछे मुड़ने लगे जिनको पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। जिनसे पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि विभिन्न जनपदो में वाहन चोरी कर के पंकज गुप्ता की दुकान बाबा नगर रेलवे क्रासिंग जंघई थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को मोटर साइकिल को अलग अलग पार्ट में कर-के बेच देते है। उपरोक्त चोरों के निशानदेही पर तीन मोटर साइकिल व विभिन्न पार्ट भारी मात्रा में बरामद किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके करन चौहान पुत्र राम उजागिर चौहान निवासी मोलनापुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र 26 वर्ष, अंकित यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी बभनियाँव थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र 21 वर्ष, राजीव यादव ऊर्फ बच्चा पुत्र विजय भारत यादव निवासी बहाउद्दीन खोभरिया थाना तेजी बाजार जौनपुर उम्र 21 वर्ष, पंकज गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता जंघई बाजार थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इनके पास से चोरी की तीन मोटर साइकिल, चोरी की मोटर साइकिलों के चेचिस 03 अदद, चोरी की मोटर साइकिलों के इंजन 04 अदद, अगला साकर 60 अदद पिछला साकर 36 अदद , टायर ट्यूब मय रिम के 20 अदद , लाक (हैण्डिल)-40 अदद, साइलेंसर 12 अदद, हेडलाइट 6 अदद, सीट 7 अदद, तेल की टंकी 13 अदद, हैडिल 6 अदद, बम्फर 5 अदद, मीटर 7 अदद, मडगार्ड 5 अदद, रिम 20 अदद बरामद हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता, थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर सदानन्दराय मय हमराह उ0नि0 महेश्वरीदीन राजपूत चौकी प्रभारी जंघई, हे0का0 हीरामणी दुबे चौकी जंघई, का0 महेन्द्र कुमार चौकी जंघई, का0 उदय प्रताप थाना मीरगंज का0 पप्पू कुमार थाना मीरगंज शामिल रहे।

# कांवर यात्रा : कमिश्नर व आईजी के साथ डीएम एसएसपी ने साफ सफाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** दो साल से कावर यात्रा पर लगा कोरोना का ग्रहण इस बार हटा गया। 14 जुलाई से कोरोना की बंदिशों के साथ शुरू होने वाली कावर यात्रा की तैयारी में प्रशासनिक अमला जुट गया है। कांवर यात्रा की तैयारी के मद्देनजर गुरुवार को कमिश्नर आईजी डीएम एसएसपी एसपी ट्रैफिक ने कावर यात्रा में साफ सफाई, बिजली, पानी रूट डायवर्जन के साथ कावरियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

प्रयागराज कमिश्नर संजय गोयल, आईजी राकेश सिंह के साथ डीएम संजय खत्री, एसएसपी शैलेंद्र पांडे गुरुवार को वाराणसी आधार मार्ग का जायजा लेने निकलो दारागंज घाट पर कावरियों के जल भरने वाले स्थान का निरीक्षण कर शास्त्री पुल से झूंसी फिर अंदावा में रुट डायवर्जन व कावरियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विचार विमर्श किया। जिसके बाद सरायइनायत होते हुए सभी अधिकारी हंडिया निकल गए। सीओ दारागंज आस्था जयसवाल ने बताया कि कांवरियों के मार्ग पर सभी मीट शाप व नॉनवेज परोसने वाले होटल बन्द रहेगे। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने जीटी रोड स्थित दुकान, मकान, प्रतिष्ठान वाले से अपील की कि सभी लोग अपने अपने घर, दुकान के सामने कैमरे लगवाए। सीएसी प्रभारी बनी प्रमोद कुमार ने बताया कि कावरियों के इलाज हेतु झूंसी, सरायइनायत, हनुमानगंज में प्राथमिक उपचार केंद्र बनाए जाएंगे जिसमे 24 घण्टे डॉक्टरों की टीम कावरियों की सेवा के लिए मौजूद रहेगी।



अंदावा तिराहे पर कावर यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते अधिकारी

# ग्राम प्रधान ने तालाब पर बसे गरीब का उजड़वाया आशियाना

## पीड़ित ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार, जांच के आदेश

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत उल्दा के ग्राम प्रधान की दबंगई सामने आई है। बिना किसी सक्षम अधिकारी के निर्देश व आदेश के ही तालाब पर बसे एक गरीब का घर गिरवा दिया। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य हो कि रमेश कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय राम चरण तालाब पर अपना घर बना कर गुजर-बसर करता था। तालाब पर अकेले रमेश का ही घर नहीं बना है। ग्राम प्रधान के सगे संबंधियों एवं परिवार के लोगों के भी कच्चे और पक्के मकान बने हुए हैं, किंतु ग्राम प्रधान ने दबंगई बस गरीब रमेश कुशवाहा का जबरन घर गिरवा दिया।जिससे पीड़ित परिवार सक्षम अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित रमेश ने बताया कि बुधवार को एसडीएम से शिकायत की थी।जिस पर तहसीलदार को तालाब पर कितने घर बने हैं और कितने लोगों का कब्जा है। आदि की जांच आख्या रिपोर्ट मांगी थी। बावजूद इसके ग्राम प्रधान दिलीप सोनी के द्वारा जबरन मेरे घर को गिरवा दिया गया। पीड़ित रमेश ने आरोप लगाया है कि न तो मुझे सक्षम अधिकारियों के द्वारा कोई नोटिस दी गई और न ही सूचना ग्राम प्रधान खुद सक्षम अधिकारी बनकर मेरे घर को गिरवा दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान से हमने बार-बार कहते रहे की आप किसके आदेश से हमारा घर गिरवा रहे है । ग्राम प्रधान ने कहा कि मैं खुद ग्राम सभा का मालिक हूं। गरीब परिवार खड़ा होकर देखते रह गए और आशियाना उजड़ गया । जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।



## आखिर कार तहसीलदार को हटना ही पड़ा

### बार एसोसिएशन कोरांव एवम प्रधान गण तथा आम जन कर रहे थे विरोध,डीएम से लेकर शासन तक हुई थी शिकायत

**कोरांव।** कोरांव तहसील के तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा को वकीलों आम जनों का विरोध देख जिला प्रशासन ने ट्रांसफर कर दिया। जिला प्रशासन ने अनिल वर्मा को हंडिया से कोरांव तैनात कर दिया। और शर्मा को सदर न्यायिक पद पर बैठा दिया। तहसीलदार कोराव का महीनों से अधिवक्ता संघ न्यायिक कार्य से विरत रहे। साथ ही आम जन और ग्राम पंचायतों के काफी प्रधान लीडर्स सासन तक शिकायत कर विरोध करते रहे।

# सीडीओ ने गौ आश्रय स्थल का किया औचक निरीक्षण, आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी ने गुरुवार को मेजा के पहाड़ी पर संचालित गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में तदुपरान्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गौ आश्रय स्थल से संबंधित सभी क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल में रखे गये पशुओ इंट्री रजिस्टर, ईयर टैगिंग का परीक्षण किया तथा पेयजल व भूसा गोदाम का भी निरीक्षण करते उपलब्ध भूसा अन्य चारा के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पशुओ के स्वास्थ परीक्षण सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी मेजा गौरव द्विवेदी द्वारा नियमित रूप से चेकिंग न किए जाने पर उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी और कहा कि नियमित चेकिंग करते हुये रिपोर्ट प्रेषित किया जाय उन्होने आवश्यक दवाओं की उपलब्धतता एवं ठंड से बचाव की स्थिति बारे में जानकारी प्राप्त की। गोवंश आश्रय के अभिलेखों में गड़बड़ी पाए जाने पर सचिव अमरनाथ वर्मा को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मेजा प्रतिनिधि गंगा प्रसादमिश्र,खण्ड विकास अधिकारी मेजा सईद अहमद खान, ए डी ओ पंचायत रमाकांत पांडेय, ए डी ओ समाज कल्याण कमलेश मिश्र, मंगला गुप्ता, राजेश कुशवाहा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।



जांच करते मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी

# लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा में किया गया पौधरोपण

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र के लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कालेज सिरसा में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022-23 के तहत दिनांक 04/07/2022 से 07/07/ 2022 तक होना है जिसमें डिग्री कॉलेज सिरसा में प्राचार्य, प्रो० शिव प्रसाद विश्वकर्मा, की अगुआई में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा दिनांक 05/07/2022 को 155 पौधरोपण किया गया था जो की आज दिनांक 07/07/2022 को 155 के अतिरिक्त पौधों का रोपण महाविद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा आम, नीबू, अमरूद, शगौन, आमला, यू के लिप्टस, अर्जुन आदि कई प्रकार के पौधों का रोपण किया गया ' प्राचार्य डॉ शिव प्रसाद द्वारा वृक्ष लगाने का पहला और सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि वे कार्बन डाइऑक्साइड और श्वास ऑक्सीजन का आदान-प्रदान करते हैं। पर्यावरण में ऑक्सीजन कीजरूरत सभी को ज्ञात है। पेड़ न केवल कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं बल्कि वातावरण से कई अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वातावरण को ताजगी मिलती है बृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के तीनों संकायों में आम नींबू आंवला अन्य वृक्ष मिलाकर कुल 194 बृक्ष लगाए गए । इस दौरान विद्यालय के पर्यावरण संरक्षण एवम बृक्षारोपण समिति के सदस्य तथा सभी शिक्षक और कर्मचारियों द्वारा बृक्ष लगाया गया।



वृक्ष लगाते स्कूल के कर्मचारी

### विधायक पियूष रंजन निषाद नें किया वृक्षारोपण

**करछना।** विधायक करछना पियूष रंजन निषाद विधान सभा क्षेत्र के वीपीसीयल नैनी परिषर में वन महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत कर किया पौध रोपण इस मौके पर उन्होंन कहा कि वन संपदा मानव जीवन के लिए एक अमूल्य धरोहर हैं तथा पर्यावरण को शुद्ध करता है सभी नागरिक पौध रोपण करके पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने में योगदान करें, कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी व प्रह्लाद तिवारी रोकडी ,सत्य प्रकाश निषाद अन्य गणमान्य लोग मौजूद वन महोत्सव कार्यक्रम में पीपल बरगद, पाकड़, आँवला,बेल,व आम के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें वन विभाग के रजनीश कुमार परमार्थी, क्षेत्रीय वन अधिकारी, व दिलीप कुमार बाजपेयी, वन दरोगा, राम प्रताप सोनकर व राम चन्द्र यादव वन दरोगा,एवम डिम्पल शर्मा फारेस्ट गार्ड व सन्तोष निषाद व वन विभाग के कर्मचारी गणों का योगदान सराहनीय रहा है।



### वृक्ष लगाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को जीवन देगे

**झूंसी।** महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में महावीर कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन एवं महावीर इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसका आरंभ पूर्व मंत्री डॉ. राकेशधर त्रिपाठी ने किया। वृक्षारोपण करते हुए पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पृथ्वी को सब से अधिक जिस चीज की आवश्यकता है वह वृक्ष है। हम सभी को पेड़ो के प्रति जिमेदार बनाना पड़ेगा पेड़ो का ध्यान परिवार के सदस्य की तरह करना चाहिए क्योंकि पेड़ से ही जीवन है। इस अवसर पर संस्था के सचिव डॉ. पंकज त्रिपाठी, इं. प्रणव त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. तारा शंकर सिंह, डॉ. हेमलता चतुवेर्दी सभी शिक्षकों व छात्र-छात्रओं के साथ वृक्षारोपण किया। जानकारी देते हुए संस्था के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण के अवसर पर परिसर में कुल 340 फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।

# अश्लील हरकत पर मुकदमा दर्ज

सोरांव। थाना क्षेत्र के बड़गांव चौकी अंतर्गत माधोपुर सधनगंज निवासी शिवपूजन पुत्र शंकरलाल कौशल ने सोरांव थाने में तहरीर देकर गांव के ही प्रकाश सोनी व रामचंद सोनी पुत्रगण संगम लाल तथा किशन लाल सोनी पुत्र सुरेश चंद्र सोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है। शिवपूजन कौशल का आरोप है कि जब मैं घर पर नहीं रहता हूं तो गांव के ही प्रकाश सोनी व रामचंद्र सोनी पुत्रगण संगम लाल तथा किशन लाल सोनी पुत्र सुरेश चंद्र सोनी ने मेरे घर के लोगों को देखकर अश्लील गाना गाते हैं। विरोध करने पर घर के सामने खड़े होकर गली गलौज करते है। और जान से मारने की धमकी देते है। जिसकी लिखित शिकायत शिवपूजन ने सोरांव थाने पर बुधवार को दी थी। पुलिस ने गुरुवार को विपक्षियों को पकड़कर थाने ले आई। तथा हवालात में बंद कर दिया। जहां देर शाम शांति भंग में चालान कर दिए।

## अधिवक्ता के निधन पर हुई शोक सभा

**सहसों।** फूलपुर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम पटेल निवासी ननका का पूरा, उमरी के असामयिक निधन पर भाजपा कार्यालय सहसों में गुरुवार को एक शोक सभा कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में चर्चित, मृदुभाषी, अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहे एसे अधिवक्ता राधेश्याम पटेल जी को हम लोग सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए शत-शत नमन करते हैं। इस मौके पर सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी, राकेश बहादुर सिंह, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, अनिल सरोज, जितेंद्र सिंह पटेल, प्रधान अंकित सरोज, राहुल सरोज, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रविंद्र बहादुर सिंह, अमन सिंह राजपूत, दया सिंह पटेल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## आवास योजनाओं में अपात्रों को योजना का लाभ दिलाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



सर्किट हाउस में बैठक करते उपमुख्यमंत्री

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागों से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि आवास योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित कराये जाने में कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह शिकायत संज्ञान में आयी है कि कुछ लोगो को पहले पात्र दिखाकर उनको आवास योजना से लाभान्वित किया गया, परंतु जांच में उन्हें अपात्र पाये जाने पर उनसे वसूली की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है, जिन्होंने आवास योजनाओं में अपात्रों को योजना का लाभ पहुंचाया है।

हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली, जिसपर सम्बंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि 837 ग्रामों में पानी की टंकी बनायी जानी है, जिसमें से 263 टंकियों के डीपीआर तैयार हो गया है, जिसपर उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर घर को नल से जोड़ने का कार्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने योजना को तीव्र गति के साथ पूरा कराये जाने के लिए कहा है, जिससे की हर अमीर, गरीब, दलित, पिछड़े सभी को योजना से जोड़कर उनके घरों तक नल के द्वारा साफ पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना(पीएमजीएमवाई) फेज-3 के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने ह्यफुल डेफ्थ रिक्लेमेशनह्ण पर आधारित सड़कों के निर्माण के बारे में जानकारी ली।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों द्वारा उपमुख्यमंत्री जी को बताया गया कि एफडीआर तकनीक से 25 सड़क स्वीकृत किए गए है, जिनमें 2 सड़कों पर कार्य प्रगति पर है, शेष कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से एफडीआर तकनीक के बारे में भी जानकारीली, जिसपर अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि इस तकनीकि में पूर्व में बनी सड़क को डिस्मेंटल कर सीमेंट तथा केमिकल डालकर अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग करते हुए बिना किसी नयी गिट्टी का प्रयोग करें ही सड़कों की चैड़ाई बढ़ा दी जाती है।इस तकनीक से बने सड़कों की लाइफ लगभग 10 वर्ष होती है साथ अन्य सड़कों के निर्माण की अपेक्षा लागत भी 20 प्रतिशत कम आती है। इस तकनीक का प्रयोग करके हनुमानगंज से फूलपुर तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने एफडीआर तकनीकि की प्रशंसा की।अमृत सरोवर योजना के तहत ग्रामों में तालाब खोदाई कार्यों की समीक्षा करते हुए उपमुख्मयंत्री जी ने कहा कि हर ब्लाक में एक मॉडल तालाब का निर्माण करें। उन्होंने तालाब के निर्माण को पर्यटन की दृष्टि से कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने तालाब के आस-पास फलदार वृक्ष लगाये जाने के साथ ही पीपल, बरगद, जामुन, नीम सहित अन्य वृक्षों को भी लगाये जाने के लिए कहा है।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगणों से अमृत सरोवर के तहत कराये जा रहे तालाब के निर्माण कार्य की मानीटरिंग करने के लिए भी कहा है। एनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने जनपद कों स्वयं सहायता समूहों के गठन में अग्रणी बनाना है। उन्होंने इसके लिए तीव्र गति से समूहों का गठन करने के लिए कहा है, जिससे की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस समूह के माध्यम से जोड़कर उनकों स्वावलम्बी बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समूहों की आमदनी को बढ़ाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने का कार्य करें। विशेष अभियान चलाकर समूह का गठन करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पैसे की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उमुख्यमंत्री जी ने मनरेगा के अन्तर्गत संचालित योजनाओं से सम्बंधित सभी कार्यों का हर ब्लाकों में बोर्ड लगाकर दशार्यें जाने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लाकों में कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता नहीं होना चाहिए। गुणवत्ता सम्बंधी शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेन्द्र चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी शीपू गिरि सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

### क्षेत्र के बैदवार गांव में बीती रात हुआ हादसा

**रत्योंरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के बैदवार गांव में बीतीरात को बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक संतोष पांडेय पुत्र लालता प्रसाद पांडेय (35) बुधवार की शाम को अपनी भैंस दुहने के बाद अपने कमरे में चले गए। जहां फराटा फैन रखा हुआ था और उसमें करंट उतर आया था। जैसे ही वे फराटा पंखे को पकड़कर इधर से उधर करना चाहे कि वे खुद करंट में चिपक गए और पंखा समेत जमीन पर गिर गए। जिससे वे बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें कोरांव के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक संतोष चार भाइयों में सबसे छोटे थे। इनको एक लड़का राजू पांडेय 6 वर्ष का है। हादसे के बाद पत्नी मन्नू पांडेय समेत माता एवं अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।



फीस वृद्धि को लेकर प्रदर्शन करते छात्र

## फीस वृद्धि के विरोध में कुलपति दफ्तर को छात्रों ने घेरा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अनशन कारियों ने फीस वृद्धि के विरोध में कुलपति दफ्तर का घेराव किया प्रदर्शन के बाद अनशन कारियों ने कुलपति के नाम कुलसचिव को ज्ञापन भी सौंपा । छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर छात्र नेता अजय यादव सम्राट की अगुवाई में 718 दिन से अनशन चल रहा है गुरुवार को फीस वृद्धि के विरोध में अनशन स्थल से कुलपति कार्यालय तक छात्रों ने प्रदर्शन किया तथा कुलपति कार्यालय का घेराव किया ।

**24 घंटे में फीस वृद्धि का अल्टीमेटम :** छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारे भी लगाए । इसके बाद कुलसचिव नरेंद्र शुक्ला को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया और अल्टीमेटम दिया कि यदि रविवार तक फीस वृद्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन निर्णय वापस नहीं लिया तो सोमवार को कुलपति दफ्तर पर भी धरना चलेगा । इस मौके पर छात्र नेता हरेंद्र यादव, आकाश यादव, अभय, विकास, हरिओम, राहुल, राणा, शिवपाल ,प्रशांत ,आदित्य, शिवा प्रियांशु, अमित, नवनीत, विकास, गौरव, सौरभ ,अमित, त्रियंबक आदि उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य को लेकर आयोजित की गयी मॉक एक्सरसाइज

अखंड भारत संदेश



आयोजित मॉक एक्सरसाइज मे उपस्थित जिलाअधिकारी व कर्मचारी

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरूवार को राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण द्वारा किया गया। राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुरू की गयी, जिसमें ई0ओ0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि अतिवृष्टि के कारण धूस्सा घाट पर जल स्तर बढ रहा है और एस0डी0आर0एफ0, जल पुलिस, पी0ए0सी0 की दोनो टीम एवं आर्मी की टीम घटना स्थल पर तुरंत पहुंचे तथा बाढ पीडितो तथा प्रभावित पशुओं को रेस्क्यू करें तथा सेना के जवानों एवं गोताखोर की मदद से खोज एवं बचाव का कार्य सम्पादित किया गया। जिसके पश्चात प्रभावित व्यक्तियों एवं पशुओं को मेडिकल कैम्प पर पहुंचाया गया एवं कैम्प पर मौजूद डॉक्टर द्वारा बाढ पीडितों एवं पशुओं का इलाज किया गया। वायु सेना के द्वारा बाढ क्षेत्र में फंसे हुए व्यक्ति को हेलीकाप्टर की मदद से रेस्क्यू किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त श्री संजय गोयल, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0) जगदम्बा सिह, सचिन सैली ले0 कर्नल, आदित्य ले0 कर्नल, अमित पाण्डेय कमाण्डेन्ट होमगार्ड, नरेन्द्र शर्मा उप नियन्त्रक नागरिक सुरक्षा एवं कडेदीन यादव के नेतृत्व में एस0डी0आर0एफ0, पी0ए0सी 4 वी बटालियन, पी0ए0सी 42 वी बटालियन, मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय से डा0 संजय बरनवाल व उनकी टीम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के कार्यालय से डा0 संजीव कुमार सिंह व उनकी टीम बरनवाल की टीम,विनय सिंह, उप चकबन्दी अधिकारी, सदर, सुश्री आकांक्षा मिश्रा तहसीलदार, अन्तिम कुमार श्रीवास्तव एवं सुश्री साक्षी मोदी आपदा सहायक, दीपक चैधरी आपदा विशेषज्ञ तथा जगदेव चैरसिया, रजिस्ट्रार कानूनगो, सदर आदि अन्य विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# बूथ अध्यक्ष ही पार्टी की होते हैं रीढ़ : रीता बहुगुणा जोशी

अखंड भारत संदेश

## बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जिला मंत्री के आवास पर सांसद ने सुनीं लोगों की समस्याएं



भाजपा कार्यकताओं को सम्मानित करती सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी

**घूरपुर।** गुरुवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत सांसद प्रयागराज प्रो॰ रीता बहुगुणा जोशी ने भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी के आवास पर बूथ अध्यक्षों संग समीक्षा बैठक कर पार्टी के कार्यकर्ताओ की बातों को सुना ह्यह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयासह्ण को मूलमंत्र मानकर पुनः बूथ सशक्त कर भाजपा की केंद्र मे मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाना प्रथम लक्ष्य हैं और उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ होते हैं उनके बिना बूथ जीतना नामुमकिन है।

भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का बूथ अध्यक्ष ही अपने बूथ पर मेहनत करता है उसी के बलबूते हम लोग बूथ जीतकर केन्द्र व प्रदेश की अपनी सरकार बनाते हैं। समीक्षा बैठक में मौजूद पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, व मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने सांसद प्रयागराज को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से- सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, अवधेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, मनोज गुप्ता, गया प्रसाद त्रिपाठी, मंडल महामंत्री जसरा नीरज केसरवानी, अंबुज त्रिपाठी, सुरेश मिश्रा, आलोक द्विवेदी, कप्तान सिंह, इंद्रजीत पटेल, शेष धर दुबे, सोनू जेसीबी, रामसागर, शक्ति केन्द्र संयोजक, प्रेम पटेल, राजकुमार तिवारी, विमल तिवारी, विजय, व शक्ति केन्द्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मार्ग नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**सहसों।** प्रयागराज-गोरखपुर राज मार्ग से लगा हुआ ग्राम सभा सहसों का मजरा गांव इनायतपुर आज भी मार्ग के लिए तरस रहा है। तकरीबन एक हजार आबादी वाले इस गांव में आजादी से लेकर आज तक कच्चा मार्ग ही नसीब हो रहा है। ग्रामीण लोग गर्मी और सर्दी में धूल तथा बरसात के मौसम में कीचड़ में चलने को मजबूर हो जाते हैं। कई बार इनायतपुर बस्ती के लोग क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों तथा ग्राम पंचायत से भी मार्ग के लिए गुहार लगाई परन्तु आज तक उनके हाल बेहाल पर छोड़ दिया गया है। किसी भी जनप्रतिनिधि या ग्राम पंचायत की नजर इस बस्ती के मुख्य मार्ग पर नहीं पड़ रहा है। इसी ही बस्ती के निवासी विजय कुमार बिन्द ने बताया कि 16 अगस्त 2020 को उनके पिता लाल जी बिन्द की तबीयत अचानक खराब हो गई, आनन-फानन में किराए की चार पहिया वाहन मंगाकर कर उनको उसमे बैठा कर अस्पताल के लिए जैसे ही निकले कि कच्चे रास्ते में चार पहिया वाहन कीचड़ में फंस गई किसी तरह काफी मशक्कत के बाद चार पहिया वाहन वहां से निकाला गया तब जाके अस्पताल पहुंचकर उनको उपचार के लिए भर्ती कराया गया परन्तु ईश्वर को मंजूर न था लालजी बिन्द की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि अगर रास्ता सही रहा होता तो शायद अस्पताल में पहुंचने की देरी न हुई होती और लाल जी बिन्द की जान बच जाती। इसी गांव के मिट्ठू सोनकर, जितेन्द्र कुमार, बिहारी लाल, रेनू , खुशी देवी,श्री देवी, गुड्डी देवी, शिमला देवी, बुलबुल सोनकर, सुरेश कुमार भारतीय, लाल चन्द्र सोनकर आदि ने बताया कि हम लोग सर्दी गर्मी में धूल और बारिश में कीचड़ से ही होकर अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं।

# धूमधाम के साथ मनाया गया मण्डल प्रभारी का जन्मदिन



**प्रयागराज।** विश्व हिन्दू महासंघ ,प्रयागराज मण्डल इकाई ने अपने मण्डल प्रभारी राम प्रसाद यादव का जन्म दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया। विहिम के जिला कार्यालय मुट्ठीगंज प्रयागराज में आयोजित जन्मदिवस कार्यक्रम में विहिम के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने श्री यादव को अंगवस्त्रम पहनाकर एवं पूज्य योगी आदित्यनाथ जी की तस्वीर भेंटकर करके उनको जन्मदिवस की बधाई दी एवं उनके दीघार्युष्य की कामना की !महासंघ की मातृशक्ति की बहनों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू महासंघ ,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र बजरंगी ने श्री यादव के सम्पूर्ण जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गए सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद प्रयागराज में लगभग 100 से अधिक सामाजिक संस्थाओं का संरक्षक होने का गौरव प्राप्त करने वाले राम प्रसाद यादव हम सभी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। बिना किसी आर्थिक एवं राजनीतिक चकाचौंध के सादगी पूर्ण जीवन जीते हुये उन्होंने अपने कर्मयोग से समाज में जो आयाम स्थापित किया है , वो हम सबके लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनन्द वैश्य (जिला प्रभारी प्रयागराज ) ने किया तथा संचालन श्री धीरज शर्मा (तीर्थपुरोहित श्री गंगा महासभा) ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवाशीष श्रीवास्तव, राहुल जायसवाल ,डॉङ्क एङ्क केङ्क शुक्ला, डॉङ्क ओम प्रकाश सेठ, श्रीमती सुनीता चोपड़ा, शिखा खन्ना, रवि चौरसिया, आशुतोष त्रिपाठी , श्री कुलदीप केसरवानी, वृजेन्द्र त्रिपाठी , श्री देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी , श्री ऋषि केसरवानी,अशोक सोनकर , अरविंद नाथ अग्रवाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### कार से जा रहे किन्नरों से बाइक सवारों ने की मारपीट



**घूरपुर।** करछना की ओर से घूरपुर की ओर कार से आ रहे किन्नरों के साथ बाइक सवार युवकों ने मारपीट की । मामले की शिकायत किन्नरों ने घूरपूर पुलिस से की । इस बीच दर्जन भर और किन्नर थाने पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करछना क्षेत्र के दो किन्नर अपनी कार से घूरपुर की ओर आ रहे थे। इसी बीच बताया गया कि करमा बाजार से आगे गौहनिया के नजदीक बाइक सवार नशे में धुत्त युवकों ने किन्नरों की कार रोक ली । कार रोकने के बाद युवक किन्नरों के ऊपर हमलावर हो गए । इस बीच लोगों की भीड़ आ गई और एक आरोपी को पकड़ लिया । मामले की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंच आरोपी युवक को पकड़ लिया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### वरिष्ठ सपा कार्यकर्ता ने दिया पूर्व मुख्यमंत्री को न्योता

#### पूर्व मुख्यमंत्री को आमंत्रण देना क्षेत्र में बना चर्चा का विषय



**मेजा।** समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चलकर अपना सम्पूर्ण जीवन सपा के लिए समर्पित करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता फूलचन्द्र कोल ने सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव को शादी कार्ड भेजकर अपने बेटे के मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया है जो इन-दिनों क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के दरी गॉव के निवासी 60 वर्षीय फूलचन्द्र कोल लगभग 40 वर्षो से समाजवादी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में एक छोटे से कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना रखी है किन्तु बड़े नेताओं में इनकी वरिष्ठ कार्यकर्ता में गिनती होती है इलाके में आदिवासी समाज का मसीहा माने जाने वाले फूलचन्द्र अपने समाज को जागरूक करने में काफी योगदान दिया है इतना हीं नहीं पार्टी का कोई भी छोटा-बड़ा कार्यक्रम हो फूलचन्द्र कोल की उपस्थिति अवश्य रही है जिसके कारण सपा के तमाम बड़े नेताओं से फूलचन्द्र के अच्छे सम्बन्ध है और लोग इन्हें जमीनी कार्यकर्ता से नमाजते है। एक औपचारिक मुलाकात के दौरानं सपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता ने बताया कि आज 8 जुलाई को उनके बेटे राहुल कुमार की शादी है जिसमें उन्होनें सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव को शादी कार्ड भ्झेजकर शामिल होने की अपील किया है। हलांकि सपा कार्यकर्ता फूलचन्द्र कोल द्वारा की गयी ऐसी पहल क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# इफको में आफ-साइट इमरजेंसी प्लान का हुआ पूर्वाभ्यास

## पूर्वाभ्यास के पश्चात इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश



माक ड्रिल में अमोनिया के रिसाव को नियंत्रित करती टीम



अमोनिया की चपेट में आने से घायल हुए कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में गुरुवार को अमोनिया रिसाव से सुरक्षा हेतु आफ-साइट इमेरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) किया गया। इस दौरान अमोनिया स्टोरेज टैंक के अमोनिया भंडारण टैंक 2103-एफ के आउटलेट लाइन पर आपातकालीन नियंत्रण वाल्व ईएमवी-3501 के डाउनस्ट्रीम में अमोनिया के रिसाव जैसी स्थिति पैदा की गई। रिसाव आरंभ होते ही बचाव की प्रकिया में लगी हुई टीम सक्रिय हो गई। बचाव टीम ने अमोनिया की चपेट में आने से घायल कर्मचारियों को तत्काल अस्पताल में पहुँचाया। इसके उपरांत इफको एवं सहयोगी टीमें स्थानीय अस्थायी आपदा राहत केन्द्र पहुंची। इकाई प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने स्थानीय ग्रामीणों को अमोनिया गैस के रिसाव से संभावित खतरे एवं बचाव के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि गीला कपड़ा एवं पानी का छिड़काव अमोनिया गैस से बचने का प्राथमिक उपचार है। उन्होंने कहा कि अमोनिया जहरीली गैस नहीं है लेकिन रिसाव न हो इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।इकाई प्रमुख ने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का भी आश्वासन दिया। इसके पश्चात स्थानीय प्रशासन व इफको प्रबंधन व समस्त विभागाध्यक्षों के साथ आफ-साइट इमेरजेंसी प्लान की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें भविष्य में होने वाली मॉक ड्रिल को फूलप्रूफ रखने का निश्चय किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग (इफको), स्थानीय प्रशासन, अग्निशमन विभाग उत्तर प्रदेश, गेल इण्डिया लिमिटेड, फूलपुर थाना, एनटीसी, पीपीजीसीएल, एलपीजी सेफ्टी, सुरक्षा विभाग की टीमों ने पूर्वाभ्यास में सहयोग किया। मौके पर नितिन यादव सहायक निदेशक कारखाना डॉ.आरके पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रयागराज अरुण कुमार एल.पी.जी. सेफ्टी, ए.के.गुप्ता अनुभागध्यक्ष अग्नि-गेल, कई स्थानीय ग्राम प्रधान, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः एम.डी. मिश्र, एपीराजेन्द्रन, संजय वैश्य, संजय भंडारी, पीके सिंह, डॉ अनिता मिश्रा व पी.के.पटेल मौजूद रहे। उपमहाप्रबंधक का. एवं प्रशा. दानवीर सिंह, प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग अनिल कुमार यादव, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वंय प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, हितेश मदान एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने पर दो नामजद एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** इमामबाड़ा को ध्वस्त कर दिया गया। जिससे गांव में माहौल खराब हो गया। ताजियादार ने दो नामजद एक अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ में मोहर्रम न मनाने के लिए कतिपय लोग विरोध करते चले आ रहे थे। तथा यह धमकी दिए थे कि इस बार मोहर्रम नहीं मनाने देंगें और ताजिया भी नहीं रखने देंगें ।आरोप है कि कतिपय लोग इमामबाड़े को ध्वस्त कर दिए। जब इसकी जानकारी ताजियादार को हुई तो गांव में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया बुझाया। जिससे आपसी सौहार्द बिगड़ने से बच गया। ताजियादार अंसारुल हक पुत्र फैय्याजुल हक ने मऊआइमा थाने में आशमा बानों और तौफीक अहमद तथा एक अज्ञात के खिलाफ धारा 153 ए , 295 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर होगी कार्यवाही: जिलाधिकारी

## डीएम ने कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, व्यापार, खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, जी0एस0टी0 सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये।

जी0एस0टी0 की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने उपायुक्त जी0एस0टी0 राम भुवन को निर्देशित किया कि जीएसटी के अन्तर्गत अन्य व्यवसायियों का भी पंजीकरण बढ़ाया जाये। उन्होने सभी ईंट भट्ठों, आरा मशीनों एवं अन्य छूटे हुये व्यवसायों के संचालकों को जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत कराने का निर्देश दिया ताकि जीएसटी में राजस्व बढ़ाया जा सके। स्टाम्प डूयटी की समीक्षा करते हुये ए0आई0जी0 स्टाम्प द्वारा बताया गया कि 76 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क प्राप्त हुआ है।



राजस्व वसूली की समीक्षा करते डीएम डा0 नितिन बंसल।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बकाया स्टाम्प ड्यूटी की आर0सी0 की वसूली बढ़ायी जाये तथा विगत 5 वर्ष से लिस्ट रिवाइज नही हुई है उसे रिवाइज करने की कार्यवाही प्रस्तावित करें। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया कि स्टाम्प पंजीयन विभाग के राजस्व वसूली की तहसीलवार देयकों की समीक्षा की जाये तथा जिन तहसीलों में सब रजिस्ट्रार की मानक से कम कार्यवाही की गयी है उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने लक्ष्य से कम वसूली किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि ए0आर0टी0ओ0 प्रर्वतन की तैनाती जनपद में हो गयी है इसलिये राजस्व की वसूली का लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाये। राजस्व देयकों की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों के सम्पत्तियों की वसूली या कुर्क की कार्यवाही की जाये किन्तु गरीबों का उत्पीड़न कदापि न किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये राजस्व वसूली के लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, सम्बन्धित जिला स्तारीय अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनामिका मौर्या का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ चयन

## असिस्टेंट प्रोफेसर पर सौरभ की सफलता पर जताई गई खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानधाता कस्बे के डिहवा की रहने वाली अनामिका मौर्या का चयन प्राचीन इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। चयन पर खुशी जाहिर करते हुए परिजनों ने मुंह मीठा कराकर बधाई दी।

उत्तर प्रदेश हायर एजुकेशन सर्विस कमिशन का परीक्षा परिणाम जारी हुआ तो अनामिका मौर्या का चयन प्राचीन इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। अनामिका के पिता जेआरडी गर्ल्स इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक राम अभिलाष मौर्य बच्चा, मां आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला मौर्या, दादी जयराजी देवी, चाचा नीरज मौर्य, चाची कंचन मौर्य, बहन अमिषा मौर्या, भाई अभिषेक मौर्य, अरुण प्रकाश सिंह, कुन्दन सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, चन्दन सिंह, हुमैरा बानो, प्रशान्त पाण्डेय, गणेशदत्त श्रीवास्तव आदि लोगों ने प्राचीन इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन होने पर बधाई दी है। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जीआईसी में गणित प्रवक्ता के पद पर मेधावी के चयन पर लोगों में गुरूवार को खुशी देखी गई। वहीं मेधावी ने उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा आयोग द्वारा गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर भी चयनित होने की दोहरी सफलता हासिल की है। ननौती गांव के पेड़रिया, पूरे आधार निवासी राकेश शुक्ला के पुत्र सौरभ शुक्ला इस समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर में चयनित होने की सफलता रखतें हैं। सौरभ ने प्रयागराज विश्वविद्यालय से बीएससी एवं एमएससी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है। सौरभ की सफलता पर चाचा लालजी शुक्ला, दीपक शुक्ला, महेशनारायण शुक्ला, रमाकांत तिवारी, उमाशंकर ओझा, राजकुमार त्रिपाठी आदि ने खुशी जताई है।



अनामिका मौर्या का मुंह मीठा कराते परिजन।

# पालीथिन हटाना है, पर्यावरण बचाना है

## एमडीपीजी कालेज में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम




एमडीपीजी कालेज में वृक्षारोपण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रतापगढ़ में उत्तर प्रदेश सरकार के लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र के निर्देशन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरूष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अमिता मिश्रा एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा आयोजित कराया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पॉलीथिन हटाना है पर्यावरण बचाना है। साथ ही सभी छात्रों को यह शपथ दिलाई कि सभी स्वयं भी वृक्ष लगायेंगे एवं अपने आस पास के लोंगो को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. राधा कृष्ण दुबे, एन एन एस के छात्रों में रिया वर्मा, स्वप्निल विश्वकर्मा, शिखा पाण्डेय, शिखर तिवारी, शशांक कौशल, शिवा श्रीवास्तव, अंकुश पटेल एवं कर्मचारी वर्ग में रोहन, शिवशंकर, विजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज उपनिरीक्षक हेमन्त कुमार वर्मा ने अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण संदिग्धों व वाँछित अपराधियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम रायअसकरन पुर के पास संदिग्ध अवस्था मे खड़े युवक की तलाशी लेने पर उसके पास अवैध रूप से 315 बोर का एक अदद तमंचा बरामद किया पूछने पर अपना नाम विमलेश कुमार यादव पुत्र स्वामी नाथ यादव निवासी चेतरा महेशगंज बताया।

# पुलिस टीम से हाथापाई कर बदमाशों को छुड़ा ले गए आरोपी

## महेशगंज पुलिस के साथ मारपीट की घटना में अधिवक्ता व प्रधानपति भी मुकदमे की जद में

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** पुलिस टीम से हाथापाई कर आरोपियों को जबरिया छुड़ा लेने एवं गाली गलौज तथा जानलेवा धमकी को लेकर थानाध्यक्ष की तहरीर पर अधिवक्ता एवं प्रधानपति समेत आठ नामजद तथा आठ से दस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने बलवा, सरकारी कामकाज में बाधा एवं लोक सेवक पर हमला तथा दहशतगर्दी व मारपीट एवं गाली गलौज व जानलेवा धमकी समेत कई गम्भीर धाराओं में लालगंज कोतवाली में केस दर्ज किया गया है।

महेशगंज थानाध्यक्ष अनिल पांडेय ने पुलिस की दी गई तहरीर में कहा है कि छह जुलाई को वह महेशगंज थाना के हीरागंज चैराहे पर पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। तभी थाने में तैनात दरोगा हेमंत कुमार वर्मा ने उन्हे बताया कि एक आरोपी विमलेश कुमार यादव को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्त में लिया गया है। सूचना पर थानाध्यक्ष भी आजाद नगर के निकट नहर पटरी की पुलिया पर पहुंच गए। वहां जानकारी मिली कि तमंचा महेशगंज थाना के गोपाल पांडेय का पुरवा व लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज बाजार व जनई का पुरवा थाना लालगंज के आरापियों द्वारा विमलेश को उपलब्ध कराया गया था। इस पर एसओ फोर्स के साथ हरनाहर तिराहा कोतवाली लालगंज पहुंच गए। वहां विमलेश द्वारा बताए गए आरोपी गोलू शुक्ला तथा गुड्डू मिश्रा व मोनू पाल के विषय में जानकारी ली तो लोगों ने बताया कि यह तीनों लोग कटरा चैराहे पर मौजूद हैं। कटरा चैराहे पर पहुंचकर पुलिस ने मुखबिरी के जरिए तीनों आरोपियों को भी धर दबोचा और पकड़कर पुलिस जीप में बैठा लिया। इसी बीच आरोपियों के समर्थक अंकित मिश्रा पुत्र मुन्ना मिश्रा, गगन मिश्रा पुत्र गुड्डू मिश्रा, आदर्श मिश्रा पुत्र धनंजय मिश्रा, विनीत मिश्रा, शशिकान्त मिश्रा निवासी ग्राम कटरा जलेशरगंज व जीतेंद्र पाल पुत्र रामदेव पाल, सचिन पाल पुत्र शिवबहादुर पाल निवासी ग्राम पूरे जनई लालगंज एवं अशोक पाल निवासी मानिकपुर के साथ आठ दस अज्ञात लोगों ने पुलिस टीम पर हमलावर होते हुए हाथापाई करने लगे। हमलावरों ने पुलिस टीम पर हमला करते हुए पकड़े गए आरोपी गोलू शुक्ला उर्फ संदीप शुक्ला पुत्र दिनेशचंद्र शुक्ला गोपाल पांडेय का पुरवा महेशगंज, गुड्डू मिश्रा उर्फ रत्नाकर मिश्रा निवासी जलेशरगंज व दिलीप पाल उर्फ मोनू पाल पुत्र रामदेव पाल निवासी जनई का पुरवा लालगंज को जबरिया छुड़ा ले गए। पुलिस के द्वारा एफआईआर में कहा गया है कि आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए घंटो दहशत का माहौल बनाया। एसओ महेशगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अंकित समेत आठ नामजद व आठ दस अज्ञात के खिलाफ बुधवार की रात गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक मुकदमे की जद में आए शशिकान्त मिश्रा तहसील में अधिवक्ता हैं तथा आरोपी मोनू पाल प्रधानपति है। वहीं एक आरोपी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक भी बताया जाता है।

## आठ नामजद तथा आठ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस

# समाज को आज भी पत्रकारों से बंधी है आशा

## विषय परिस्थितियों में भी कार्य करते हैं पत्रकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में बुधवार को एक हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र का स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, विशिष्ट अतिथि जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार चतुर्वेदी, संपादक गिरीश चन्द्र ओझा, आनन्द मोहन ओझा, संयोजक रामशंकर जायसवाल, बीना श्रीवास्तव एवं अशोक कुमार शर्मा आदि ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा शारदा संगीत महाविद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।



मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करते साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० रत्न ने कहाकि निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता से ही लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि आज लगभग सभी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा के कारण अनेक चुनौतियां हैं फिर भी पत्रकारिता से जुड़े लेखन कार्य करने वालों से समाज यह अपेक्षा करता है कि वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन अपनी नैतिकता के सभी मूल्यों पर खरे रहते हुए करते रहें। जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि विषम परिस्थितियों एवं तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए पत्रकारों ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं वह वास्तव में सराहनीय है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि संपादक गिरीश चन्द्र ओझा स्वयं विषम परिस्थितयों का सामना करते हुए भी जिस प्रकार पत्रकारिता, साहित्य और समाज की सेवा के साथ भाषा की उन्नति के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं उससे समाज भली प्रकार अवगत है। गिरीश चन्द्र ओझा ने कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार ज्ञापन किया।

कार्यक्रम का संचालन शारदा संगीत महाविद्यालय के छात्र वैभव पाण्डेय ने किया। इस मौके पर संरक्षक पंडित कृपाशंकर ओझा, राज किशोर त्रिपाठी रागी, सुरेश नारायण द्विवेदी व्योम, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, आर्यन दूबे, अजय कुमार सिंह, चिंतामणि पाण्डेय, गौरव श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, नसीम अहमद तथा ओ०पी० गुप्ता सहित शारदा संगीत महाविद्यालय के तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्राइमरी स्कूल में बच्चों से पंखा हंकवाते दिखे शिक्षक

## प्रेस फोटोग्राफर से उलझा शिक्षक, दी धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्राइमरी स्कूलों में नौनिहाल बच्चो की शिक्षा व्यवस्था पर प्रदेश सरकार जहाँ लाखों रुपये स्कूल के शिक्षकों पर खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ स्कूल के शिक्षक बच्चो से कापी व दफ़्ती से कुर्सी पर बैठकर अपने शरीर पर पंखा हंकवाते नजर आ रहे है। जब मीडिया ने शिक्षक की इस करतूत को अपने कैमरा में कैद कर लिया तो शिक्षक उल्टा रौब में आकर मीडिया से अभद्रता पर उतारू हो गया औ? देख लेने की धमकी दी।

मामला विकास क्षेत्र कुंडा के प्राथमिक विद्यालय शाहवपुर का है जहां के सहायक अध्यापक स्कूल में बच्चों से कापी व दफ़्ती से पंखा हकवाते दिखाई दिए। जिस पर पहुची मीडिया ने अपने कैमरे में शिक्षक की बच्चो के साथ पंखा हकवाते की वीडियो बनाकर कैद कर लिया। वीडियो बन जाने कि जब जानकारी शिक्षक को हुई तो पत्रकार से दादागिरी पर उतारू हो गया। मामला किसी तरह मौजूद ग्राम प्रधान की मौजूदगी में शांत करा दिया। इस बाबत जानकारी करने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी से बात नही हो सकी। अब देखना है कि जिले के आला अफसर क्या कदम उठाते हैं या फिर मामले को ठंडे बस्ते में डालकर लीपा पोती कर कुंडली मारकर बैठ जाते है। ये तो विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही बता सकते हैं।

# प्रधानों ने प्रशासनिक अवरोध के चलते ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के ठप होने पर जताया आक्रोश

## सीडीओ को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर ब्लाक मुख्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखंड में विकास कार्यों में प्रशासनिक अवरोध से खफा प्रधानों ने गुरूवार को ब्लाक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रधानों ने सीडीओ को सम्बोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपते हुए इस बात पर गुस्सा जताया है कि ब्लाक से जुड़ी ग्राम पंचायतों में शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य में प्रशासनिक अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है।

वहीं ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा का कार्य पूरी तरह इस समय बाधित है और पक्के कामों की स्वीकृति भी वर्तमान वित्तीय वर्ष में रोक रखी गई है। प्रधानों ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले स्वीकृत कार्यों का भुगतान न होने से भी विकास कार्य ठप हैं। ज्ञापन दाताओं में दुष्यंत सिंह, जीतेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, शुषमा, गीता देवी, रवींद्र प्रताप यादव, राजकुमार तिवारी, संगीता सिंह, संजू देवी, अयोध्या प्रसाद यादव, सुनील कुमार आदि प्रधान रहे। प्रधानों का सुबह से ही ब्लाक परिसर में गुरूवार को जमावड़ा शुरू हो गया। काफी देर तक नाराज प्रधान बीडीओ की इंतजारी भी करते रहे। इसके बाद प्रधानों ने अपनी मांगों को लेकर बीडीओ के कार्यालय के समक्ष नारेबाजी शुरू कर दी। प्रधानों का आरोप है कि सरकारी मशीनरी के द्वारा विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं में वित्तीय तथा प्रशासनिक अवरोध के चलते गांव के लोगों में गुस्सा है।

ब्लाक मुख्यालय पर प्रधानों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी होने पर एडीओ पंचायत भूपेंद्र तिवारी पहुंचे। काफी देर तक प्रधानों का समूह एडीओ पंचायत से बीडीओ और सीडीओ को बुलाने की मांग पर बहस करता दिखा। इस बीच एडीओ ने प्रधानों की समस्याओं को बीडीओ के समक्ष रखते हुए त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाकर किसी तरह आक्रोश को ठंडा किया। प्रधानों ने ज्ञापन सौंपते हुए यह चेतावनी भी दी है कि यदि उनकी ग्राम पंचायतों के विकास योजनाओं में अवरोध तथा अन्य समस्याओं का निस्तारण समय से नही हुआ तो वह ब्लाक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन भी शुरू करेंगें।

### खबर का असर

## आदर्श नगर पंचायत ने मार्ग पर रखे पत्थर को हटवाया

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खबर छपते ही आदर्श नगर पंचायत ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मुख्य सड़क पर रखे पत्थर को हटवा दिया। बता दें कि आदर्श नगर पंचायत ने लखनऊ राजमार्ग से कालाकाकर राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर रखे पत्थर को हटवा कर रास्ता को साफ करवा दिया। अब राहगीरों की राह आसान हो गई। स्थानीय नगर पंचायत ने नाली के ऊपर रखे पत्थर को उठाकर सड़क पर रखवा दिया था।

सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी पत्थर को व्यवस्थित नही रखा गया था जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया था कि खबर को 7 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया तो अधिकारियों ने मार्ग पर रखे पत्थर को हटवा कर रास्ता को खाली करवा दिया। लखनऊ व कालाकाकर राजमार्ग पर नगर पंचायत का कार्यालय स्थित है।यही नही जलेसरगंज, संग्रामगढ़, रामपुर व रानीगंज कैथौला से आने-जाने वाले लोग इसी मार्ग से होकर तहसील, कोतवाली व ब्लाक आते-जाते है। मार्ग अवरूद्ध होने की स्थित में राहगीरों को इन्दिरा गॉधी चैक होकर आना-जाना पड़ता था। मार्ग पर रखे पत्थर के हट जाने से अब लोगों की राह आसान हो गई।

## रास्ता तो हुआ साफ लेकिन जल निकासी हुआ अवरूद्ध

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत ने एक समस्या का निदान करके दूसरी समस्या को पैदा कर दिया। मार्ग पर रखे पत्थर को हटवा कर रास्ता तो साफ करा दिया, लेकिन पत्थर को उठाकर नाली में डाल दिया जिससे अब जल निकासी की समस्या को पैदा कर दिया।

## अधेड़ का शव कुंआ में मिलने से मचा हड़कम्प

**परियावां।** खाना खाकर टहलने निकले वृद्ध का शव गुरूवार की सुबह घर से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित कुंए में मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम को भेजा। बताया जाता है कि अधेड़ के कोई संतान नहीं थी उसने साढ़ू के बेटों को गोद लिया था। वही उसकी देखभाल करते थे। कुंडा के पीरानगर निवासी राम खेलावन (80) वर्षीय निःसंतान थे। उनकी पत्नी की बहुत पहले मौत हो चुकी थी। कोई संतान न होने के कारण राम खेलावन अपने साढ़ू के बेटे संजय, धरमू, नानभाई को गोद लिया था। वही उनकी देखभाल करते थे। बुधवार रात राम खेलावन खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से निकले तो फिर नहीं लौटे। परिजन लोग गुरुवार सुबह उन्हें खोजने निकले। घर से करीब पांच मीटर दूर कुंए के बाहर चप्पल और डंडा मिला तो हड़कम्प मच गया। कुंए में झांककर देखा तो राम खेलावन का शव पानी में उतराया मिला।

# सीएमओ ने किया ट्रामा सेंटर व सीएचसी का औचक निरीक्षण, गंदगी देख चढ़ा पारा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के नवागांतुक सीएमओ के गुरूवार को स्थानीय सीएचसी व ट्रामा सेंटर में औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ को अस्पताल परिसर व ट्रामा सेंटर के वार्डों में गंदगी दिखी तो उनका पारा चढ़ आया।

सीएमओ डॉ. गिरेंद्र मोहन शुक्ला ने ओपीडी में तैनात चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति की हकीकत भी खंगाली। हालांकि निरीक्षण के समय सभी उपस्थित मिले। सीएमओ ने इमरजेंसी सेवा में तैनात चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ को दिन व रात दोनो पाली में उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन के कड़े निर्देश दिए। सीएमओ ने चिकित्सकों को यह भी हिदायत दी कि रोगियों के उपचार के लिए बाहर से दवांए लिखी गई तो कड़ी कार्रवाई होगी। महिला रोग विशेषज्ञ के समय से ओपीडी में मौजूद न होने की शिकायत पर सीएमओ ने उन्हे सचेत करते हुए चेतावनी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सम्बद्ध किए गए चिकित्सकों को हर दशा में सीएमओ ने अपनी तैनाती स्थल पर मौजूद रहने को कहा। लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नोती तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़पुर में तैनात चिकित्सकों के लालगंज में ही बने रहने की भी सीएमओ से शिकायत की थी। अधीक्षक डॉ. अरविंद गुप्ता ने सीएमओ को कोरोना तथा टीकाकरण समेत विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अभियान की जानकारी दी।

## ससुर व देवर ने विवाहिता को घर में घुसकर पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपने गूंगे पति के साथ घर में रह रही एक विवाहिता को उसके ससुर व देवर ने घर में घुसकर मारा पीटा तथा उसके कपड़े फाड़ दिए घर में रखा हुआ बीस हजार नगदी तथा जेवरात विवाहिता से छीन लिए । पीड़ित विवाहिता ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंसापट्टी गांव की रहने वाली फूलजहां पत्नी मोहम्मद शकील पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया और बताया कि उसका पति गूंगा है वह बोल नहीं सकता है उसके देवर तथा ससुर से आए दिन परेशान करते रहते हैं। उसने बताया कि गुरुवार को उसके ससुर तथा उसके देवर उसे घर में घुसकर मारपीट विरोध करने पर उसका कपड़ा फाड़ दिए तथा उसका बीस हजार नकदी तथा जेवरात उठा ले गए। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में देवर तथा ससुर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना सैनी पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट के मुकदमे के तहत अभियुक्त इरशाद अली पुत्र समशाद अली निवासी पनी मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास व 25 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अतुल पुत्र सीताराम निवासी जोरावरपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही केप अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# बाइक सवार को लोडर अप्पे ने मारी टक्कर मौत

**अधेड़ की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों मे मचा कोहराम**

अखंड भारत संदेश



मौत के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के रक्सराई गांव के समीप गुरुवार की दोपहर लोडर अप्पे ने बाइक सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी है हादसे में अधेड़ की मौके पर मौत हो गई है हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ लग गई है सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की और घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने लोडर अप्पे व चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक कौशाम्बी कोतवाली के जोगापुर गांव निवासी ललित प्रसाद त्रिपाठी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र भागवत प्रसाद त्रिपाठी गुरुवार सुबह बाइक से किसी काम से प्रयागराज गये थे बाइक से वापस घर जाते समय रक्सराई गांव के समीप सामने से आ रही लोडर अप्पे ने बाइक सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अधेड़ बाइक समेत सड़क पर गिर गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई घटनास्थल पर एकत्रित लोग घायल अधेड़ को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच उसकी तड़प तड़प कर मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आधार कार्ड से शिनाख्त की मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। हादसे में मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुँच गए है।

### जामुन के पेड़ से गिरा बालक हुई मौत

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा के गैंगघाट निवासी गोलू उम्र 06 वर्ष पुत्र पिंटू बृहस्पतिवार दोपहर अपने घर के पास जामुन के पेड़ में चढ़कर जामुन तोड़ रहा था तभी अचानक गोलू जामुन के पेड़ से गिर गया आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक गोलू की दर्दनाक मौत हो गई जैसे ही इसकी जानकारी गोलू के परिजनों को पता चली तो परिवार में कोहराम मच गया।

### विद्युत खंभे से गिरा लाइनमैन

**अझुवा कौशाम्बी।** विद्युत पावर हाउस सिराथू में कार्यरत प्राइबेट लाइनमैन शिवलाल मूल निवासी रामपुर धमावा मजरा सरैया गुरुवार को विद्युत सप्लाई ठीक करने विद्युत खंभे में चढ़ा था विद्युत लाइन ठीक करते समय करेंट की चपेट में आने से लाइन मैन खंभे से नीचे गिर गया हादसे में लाइनमैन को गंभीर चोटें आई हैं इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है घायल लाइनमैन शिवलाल का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है।

## विवाहिता को लेकर भागे युवक 2 माह बाद मायके छोड़कर हुए फरार

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव की एक युवती की शादी 03 मई को हुई थी शादी के बाद युवती जब वापस मायके कनवार लौटी तो वह दो युवकों के साथ फरार हो गयी है दो महीनों तक युवती गांव छोड़कर दोनो युवकों के साथ फरार थी युवती की शादी में मायके से मिले जेवरात और 5000 रुपए लेकर वह युवकों के साथ फरार हो गई थी मौज मस्ती के दौरान जेवर बेच दिए गए हैं और नगदी खर्च हो गई है युवती के मायके के परिजन उसे खोजने के लिए काफी परेशान थे लेकिन वह नहीं मिली बीती रात को दोनों युवक उक्त युवती को गांव के बाहर छोड़ गए है परिजन युवती को घर मे रखने को तैयार नही हैं वहीं ससुराल पक्ष भी युवती को अपनाने को तैयार नही है जिस पर युवती के माता-पिता ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी में दे कर कार्यवाही की मांग की है।

# किसानों की भूमिधरी जमीन से जबरन मिट्टी खोदने पर दर्ज होगा अवैध खनन का मामला

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले के सरसंवा ब्लाक क्षेत्र की कोरीपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा किसानों की भूमिधरी जमीन से अवैध खनन किया जा रहा है इसके साथ ही प्रधान पुत्र द्वारा किसानों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई है घटना से किसानों में रोष और तनाव की स्थिति पैदा हो गई है मामले की शिकायत मिलने पर खंड विकास अधिकारी सरसंवा ने अवैध खनन तुरंत रोकने का आदेश दिया है। ग्राम पंचायत कोरीपुर अंतर्गत पचामा गांव के किसान विनोद कुमार सिंह पुत्र जगदेव सिंह ने खंड विकास अधिकारी सरसंवा तथा मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में भूमिधरी जमीन पर जबरन अवैध खनन की शिकायत दर्ज कराई है प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम प्रधान केशन प्रसाद व प्रधान पुत्र शिव सागर तथा पंचायत सचिव के द्वारा किसान विनोद कुमार सिंह की भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 53 में 6 जुलाई को अवैध खनन करवाया गया है `किसान ने इस पर आपत्ती जाहिर करते हुए विरोध किया तो प्रधान पुत्र शिव सागर ने एससी एसटी एक्ट के मुकदमे में फंसाने की धमकी दिया है`पीड़ित किसान ने बताया है कि गांव के अन्य किसानों के साथ भी ऐसा ही दुर्व्यवहार किया जा रहा है प्रधान पुत्र नियम कानून को ताक पर रखकर दबंगई दिखाता है ,और पिता के स्थान पर खुद प्रधानी कर रहा है बात बात पर लोगों को मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है शिकायती पत्र मिलते ही खंड विकास अधिकारी सरसंवा देवेंद्र कुमार ओझा ने फौरन कार्रवाई करते हुए किसानों के खेत से मिट्टी खोदने पर रोक लगा दी है, बीडियो ने साफ कहा है कि किसी भी किसान की भूमि धरी जमीन से किसान की लिखित सहमति के बिना मिट्टी खोदने का कोई आदेश उनके द्वारा किसी किसी ग्राम प्रधान और सचिव को नहीं दिया गया है`जिन लोगों द्वारा इस तरह की भ्रामक खबर फैलाई जा रही है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी मामले में तहसीलदार मंझनपुर भूपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति की संपत्ति में अवैध रूप से प्रवेश करता है तो उस संपत्ति पर अतिक्रमण कहा जाता है, इसके साथ ही अवैध खनन दंडनीय अपराध है और कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

# रेलवे रिजर्वेशन काउंटर में दलाल हावी

**रेलवे स्टेशन भरवारी रेलवे स्टेशन सिराथू और मंझनपुर पोस्ट ऑफिस के रेलवे आरक्षण केंद्र का मामला, रेलवे अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बदतर व्यवस्था में सुधार करने की मांग**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।**रेलवे अधिकारियों की उदासीनता के चलते रेलवे आरक्षण केंद्र में दलालों का बोलबाला है रेलवे स्टेशन से सिराथू रेलवे स्टेशन भरवारी के साथ-साथ मंझनपुर कस्बे के पोस्ट ऑफिस परिषर में रेलवे आरक्षण केंद्र में भी दलाल हावी हैं दलालों के हावी होने से यात्रियों को आरक्षण का लाभ आसानी से नहीं मिल पाता है दलाल आगे लाइन में खड़े हो जाते हैं और टिकट बुक करा लेते हैं बाद में यही दलाल यात्रियों से समझौता कर उनके हाथ टिकट बेच देते हैं यात्रा के पूर्व आरक्षण कराने पहुंची आम जनता को आरक्षण में दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है रेलवे आरक्षण केंद्र में मौजूद कर्मचारियों की भी भूमिका सवालों के घेरे में है रेलवे के टिकट में छूट का लाभ लेने वाले विकलांग बीमार यात्रियों के टिकट की बुकिंग करने में आरक्षण काउंटर में तरह-तरह के बहाने करते हैं उनके विकलांग प्रमाण पत्र को मानने से काउंटर के लोग इंकार कर देते हैं मंझनपुर स्थित आरक्षण केंद्र में विकलांगों को छूट का टिकट नहीं दिया जाता है मजबूरन बीमार और विकलांगों को भी पूरी कीमत अदा कर रेलवे में यात्रा करनी पड़ रही है

यात्रियों की सहूलियत के लिए खोले गए रेलवे आरक्षण केंद्र में लापरवाही और अत्याचार की हद हो गई है आरक्षण केंद्र में पहुंचे यात्रियों को बहाने बताकर काउंटर से वापस किया जा रहा है तत्काल टिकट में भी दलाल हॉबी है भरवारी सिराथू और मंझनपुर स्थित रेलवे आरक्षण केंद्र में तत्काल रेलवे आरक्षण आम जनता को मिलना मुश्किल होता है पूरे समय दलाल आरक्षण केंद्र के अगल-बगल मंडराते रहते हैं इस बात की हकीकत सीसीटीवी कैमरे से खंगाली जा सकती है रेलवे आरक्षण केंद्र की बदतर हालत पर आम जनमानस में रेलवे अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बदतर व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

## छोटे-छोटे बच्चे कर रहे हैं मजदूरी, बाल श्रम को रोकने वाले अधिकारी बने हैं अंजान

**कौशाम्बी।** जिले में बाल श्रमिको पर रोक लगती नहीं दिख रही है छोटे-छोटे बच्चे दुकानों में काम करते देखे जाते हैं बाल श्रम पर रोक लगाने वाले अधिकारी लाचार दिखाई पड़े हैं छोटे-छोटे बच्चों के परिजनों ने किशोर न्याय बोर्ड में गुहार लगाई है। करारी चौराहे पर एक मुलायम चाट वाला है जो गरीब बच्चों को पैसे का लालच देकर उनसे काम करवाता है जिसकी वजह से बच्चे का पढ़ाई लिखाई में मन नहीं लगता और बच्चे चाट वाले के यहां जाकर पैसे के लालच में काम करते हैं चाट वाला शादी की बुकिंग भी लेता है बिना घरवालों से पूछे और बताएं बच्चों को लेकर वह शादी समारोह में चला जाता है जिससे बच्चे के घर वाले परेशान हो जाते है बच्चो के घर वालो ने किशोर न्याय बोर्ड मंझनपुर कौशांबी मे शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# गौ संरक्षण केंद्र के निर्माण में धांधली ही धांधली !

**ठेकेदार का मैनेजमेंट या सिस्टम का नकारा पन जो भी है बेहद शर्मनाक**

अखंड भारत संदेश



नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा कराया जा रहा निर्माण

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में ठेकेदार मनमानी पर उतारू है घटिया क्वालिटी से निर्माण कराए जा रहे हैं एक तरफ निर्माण हो रहे दूसरी तरफ निर्माण ध्वस्त हो रहे हैं लेकिन नगरपालिका के जिम्मेदार ठेकेदारों पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं घटिया निर्माण में लगे ठेकेदारों का मैनेजमेंट है या सिस्टम का नकारा पन जो भी है बेहद शर्मनाक है योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का संकल्प अधिकारियों को दिला रही है लेकिन उनके सरकार में ठेकेदारों पर सिस्टम मेहरबान है निर्माण कार्यों की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में है अधिकारियों को जांच करवानी चाहिए लेकिन सिस्टम के बीच कथित भाजपाई बिचौलिए बने हुए हैं निर्माण कार्यों में धांधली का यह मामला ठेकेदारों का मैनेजमेंट का है या सिस्टम का नकारा पन है लेकिन जो भी है बेहद शर्मनाक ह। नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा टेन में विशाल गौ संरक्षण केंद्र के भवन का निर्माण कराया जा रहा है इस भवन के निर्माण में जमकर धांधली हो रही है तीसरे दर्जे की घटिया क्वालिटी के पटसेम ईट से गौ संरक्षण केंद्र का निर्माण बेखौफ तरीके से हो रहा है गौ संरक्षण केंद्र के निर्माण में लगाई जाने वाली ईट को जमीन पर पटकते ही चूर-चूर हो जाती है सीमेंट बालू के मिश्रण में भी मानक के अनुसार सामग्री नहीं मिलाई जा रही है मामले की शिकायत नगर पालिका से ग्रामीणों ने की लेकिन नगरपालिका के अधिकारी घटिया निर्माण पर रोक लगाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं करोड़ों के निर्माण पर नगर पालिका के अधिकारियों की विश्वासनीयता संदेह के घेरे में है कई दिन से काम लगे होने के बाद अधिकारियों ने घटिया निर्माण पर जांच नहीं कराई है इसके पहले भी नगरपालिका के कस्बा क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा कई कार्य किए गए हैं जिनमें मानक की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई हैं ठेकेदारों के मैनेजमेंट के आगे योगी सरकार का सिस्टम फेल दिखाई पड़ा है ठेकेदारों पर सिस्टम मेहरबान है कथित भाजपाई बिचौलिए की भूमिका निभा रहे हैं जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को वह बचाने उतर आते हैं नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है यदि शासन ने मामले को गंभीरता से लिया तो नगर पालिका के भ्रष्टाचार के कारनामों की कलाई परत दर परत खुलेगी।

# दबंगई : डग्गामार बस के चालक ने यात्री को पीटा



यात्री से मारपीट करता डग्गामार बस का कंडक्टर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में डग्गामार बस चालक और कंडक्टर की दबंगई कम होने का नाम नही ले रही है,पुलिस और परिवहन विभाग की मेहरबानी पर सड़को पर फरार्टा भरने वाली डग्गामार बसों के चालक और कंडक्टर आए दिन यात्रियों से मारपीट करते है और पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है।ताजा मामला मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा गांव का है जहा डग्गामार बस के कंडक्टर ने एक यात्री से किराए को लेकर बहस की और बस से उतरते ही उसकी पिटाई करने लगा,मारपीट देखकर पहुंचे सिपाही और गार्ड के रोकने के बावजूद मनबढ़ कंडक्टर दबंगई से यात्री को पीटता रहा।जिसके चलते लोगो में डग्गामार बस के कंडक्टर की बदतमीजी और दबंगई के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

## अंग्रेजी शराब की दुकान में मिलती है मिलावटी शराब!

**अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा काला धंधा**

**चरवा कौशांबी।** चरवा थाना अंतर्गत सैय्यद सरावां में अंग्रेजी शराब की दुकान में मिलावटी दारू मिलती है लोगों ने वहां से जब दारु खरीदा और पिया पीने के बाद पता चली तो लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया इससे साफ जाहिर होता है कि आबकारी विभाग भी इसमें सम्मिलित है अधिकारियों की मिलीभगत से अंग्रेजी शराब की दुकान में यह गोरखधंधा काफी दिनों से चल रहा है लोगों की माने तो पियक्कड़ों ने अधिकारी से कई बार शिकायत किया किंतु शिकायत को नजरअंदाज करते हुए अधिकारी ने आनाकानी कर के मामले को शांत करा दिया कोई कार्यवाही नहीं हुई इससे चायल तहसील क्षेत्र में जितने भी अंग्रेजी शराब की दुकान है सभी दुकानदारों का हौसला और बुलंद है।

# नगर पंचायत व लेखपाल की सांठगांठ से सरकारी भूमि पर हुआ कब्जा

**जनता कर रही इंतजार कब चलेगा सरकारी भूमि पर बने मकान में योगी का बुलडोजर**

अखंड भारत संदेश

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** सरकारी भूमि की सुरक्षा करने वाले लोग ही काली कमाई के चक्कर में सरकारी भूमि पर कब्जा करवा रहे हैं लेकिन सरकारी भूमि पर कब्जा करवाने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है ताजा मामला नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के नागचौरी का है जहां पूरब शरीरा से बैश काटी जाने वाले मुख्य सड़क के किनारे करोड़ों कीमत की बेशकीमती सरकारी भूमि पर एक परिवार के 4 लोगों ने कब्जा करके दुकानें बना ली हैं अब पीछे शेष बची सरकारी भूमि पर कब्जा शुरू है सरकारी भूमि पर कई महीने से निर्माण किए जाने के मामले में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत और लेखपाल धृतराष्ट्र बने रह गए हैं लेखपाल और अधिशासी अधिकारी पर मोटी रकम वसूली कर सरकारी जमीन कब्जा कराए जाने का आरोप है जिससे करोड़ों की सरकारी भूमि पर कब्जा हो चुका है आखिर सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले और उस जमीन पर कब्जा करवाने वाले सरकारी नुमाइंदों पर कब कार्यवाही होगी सरकारी संपत्ति को खाली करवाने के लिए योगी सरकार का कब बुलडोजर चलेगा इस बात का जनता इंतजार कर रही है मामले को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम मंझनपुर से शिकायत का सरकारी जमीन को अवमुक्त कराने की मांग की है।

### नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत पश्चिम सरीरा वार्ड नंबर 7 अटल नगर में सरकारी भूमि पर कब्जा हो रहा है सरकारी भूमि को सुरक्षित करने की ओर अधिकारियों का ध्यान नहीं गया है नगर पंचायत के अधिकारी भी सरकारी भूमि को सुरक्षित करने में लापरवाह है करोड़ों कीमत की सरकारी भूमि पर कब्जा धारकों की नजर लग गई है और सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू कर दिया है समय रहते अधिकारियों ने सरकारी भूमि को सुरक्षित करने का प्रयास नहीं किया तो सरकारी भूमि पर कब्जा करने में वह सफल हो जाएंगे नगर के लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी भूमि को सुरक्षित करने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### शिक्षक समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष नितिन कुमार यादव की अध्यक्षता में 6 बिंदुओ पर शिक्षक समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी सरसवां को ज्ञापन सौंपा गया प्रतिकर अवकाश, त्रुटिरहित वरिष्ठता सूची ,बच्चों के हित मे ध्यान रखते हुए एकल विद्यालय में शिक्षक की व्यवस्था ,मुद्रित अवकाश तालिका को उपलब्ध कराने, एवं बी.आर.सी डिस्पैच रजिस्टर की व्यवस्था कर शिक्षको को रिसिविंग प्रदान करने के संदर्भ में मांग की गई! खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शीघ्र ही उक्त समस्याओ के निराकरण का आश्वासन दिया गया इस अवसर पर महामंत्री दीपक सिंह, कोषा अध्यक्ष अतुल कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सिंह मीडिया प्रभारी अजीत सिंह ,एवं मिथलेश कुमार गुप्ता , अशोक सिंह रोहित लाल भूरतिया, प्रताप चन्द्र ,अजय भारतीयाआदि अनेक शिक्षक मौजूद थे।

### जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी द्वारा अभियुक्त कमलेश सोनकर पुत्र स्व0 रामदेव निवासी कोइली का पूरवा मजरा पूरब सरावा थाना पश्चिम शरीरा को जिलाबदर का आदेश किया गया था मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त कमलेश उपरोक्त अपने ग्राम कोइली का पूरवा आया है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व जिलाधिकारी के आदेश के उल्लंघन करने पर थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा चार वारण्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त नरेश कुमार पुत्र बैजनाथ निवासी सटई मजरा जलालपुर थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त रामचंद्र पुत्र झल्लर लोध निवासी रामदीन का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त पप्पू मिश्रा उर्फ अशोक कुमार मिश्रा पुत्र शिवशरण मिश्रा निवासी गौशाला भरवारी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त ज्ञान बाबू पुत्र ओम प्रकाश निवासी डाही थाना पिपरी को गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### हत्या का प्रयास करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिपरी बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तो विनोद कुमार उर्फ आजाद पुत्र स्व0 रामदुलारे निवासी सियरा थाना पिपरी व अजय पुत्र रामसूरत निवासी पंचमी का पूरवा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर अभियुक्त विनोद कुमार उपरोक्त के कब्जे से बंदूक एक अदद खोखा कारतूस व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# जमीयत उलेमा की बैठक में कुबार्नी जैसे पवित्र इबादत पर चर्चा हुई

**कौशाम्बी।** जमीयत उलेमा कार्यसमिति की द्विमासिक बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे जमीयत उलेमा चंदा टेंट हाउस सिराथू के कार्यालय में हाफिज और कारी मुहम्मद तारिक साहब की अध्यक्षता में हुई बैठक की शुरूआत जमीयत उलेमा के कोषाध्यक्ष मौलाना मुहम्मद अहमद साहिब नदवी के तिलावत से हुई। इसके बाद जमीयत उलेमा जिला अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुर्शीद कासमी ने जमीयत उलेमा का संक्षिप्त परिचय दिया और कहा कि जमीयत के काम के लिए हम सभी को हर समय तैयार रहने की जरूरत है, और पिछली बैठक और वर्तमान को पढ़ें। इस बैठक के एजेंडे में आइटम ईद-उल-अजहा का अवसर है जिसमें कुबार्नी जैसी पवित्र इबादत की जाती है, इसलिए ईदगाह में जाना और ईद की नमाज अदा करना और कुबार्नी की पेशकश करने वालों को याद रखें। उन्हें सरकारी दिशानिदेर्शों का पालन करना चाहिए, और वर्जित पशुओं की बलि देने से पूरी तरह परहेज करें, और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें ताकि जानवरों का कचरा सड़कों और नालों पर बिल्कुल भी न फेंके, और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि इस प्रक्रिया से हमारा कोई नाराज न हो, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पीड़ित कोई भी वीडियो न बनाए और न ही कोई तस्वीर पोस्ट करे और उसे सोशल मीडिया पर बिल्कुल भी शेयर न करे। मौलाना ने आगे कहा कि पिछले महीने देवबंद में हुई बैठक में एक सुझाव दिया था कि जमीयत उलेमा की प्रत्येक इकाई में स्थित होना चाहिए अपना क्षेत्र हम चाहते हैं कि हमारे देश में भी ऐसा ही कार्यक्रम हो और एक सुझाव यह है कि इसी महीने जमीयत उलेमा द्वारा पूरे देश में एक पौधारोपण अभियान चलाया जाए और जमीयत की हर इकाई के अपने क्षेत्र में कम से कम एक पौधा लगाया जाए। जमीयत उलेमा के उपाध्यक्ष मौलाना मुहम्मद ताहा नदवी ने कहा कि मुफ्ती साहब ने बहुत अच्छी बात कही है और हम सभी को और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है और मुझे लगता है कि इस तरह के कार्यक्रम होना बहुत जरूरी है और यही जरूरत है और पैगंबर की जीवनी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) का वर्णन करते हुए, उन्होंने कहा कि उन्होंने नफरत का जवाब कभी नफरत से नहीं बल्कि प्यार से दिया, इसलिए हमें अपने पैगंबर और सभी की शिक्षाओं को अपनाना होगा। सचिव मौलाना मुहम्मद एजाज नदवी ने भी बात की और अंत में मौलाना तह साहिब नदवी की नमाज के साथ बैठक समाप्त हुई इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मुर्शिद कासमी अध्यक्ष जमीयत उलेमा हाफिज और कारी मोहम्मद तारिक साहिब उपाध्यक्ष जमीयत उलेमा हजरत मौलाना मोहम्मद ताहा नदवी उपाध्यक्ष जमीयत उलेमा मौलाना मोहम्मद अहमद कोषाध्यक्ष जमीयत उलेमा मौलाना सचिव जमीयत नाद उलेमा हाफिज मोहम्मद कामरान महासचिव धार्मिक शिक्षा बोर्ड जमीयत उलेमा मौलाना मुफ्ती ओबैदुल्लाह नदवी महासचिव जमीयत उलेमा हाजी बदरुद्दीन साहिब कार्यकारी सदस्य जमीयत उलेमा मोहम्मद ओमान, मोहम्मद आजाद अमन आदि रहे।

### एससी/एसटी एक्ट के वाछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त चिन्टू पुत्र रामकुमार प्रजापति निवासी नौबस्ता थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र लक्ष्मण निवासी चककुदायगंज थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना चरवा से एक थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना सराय अकिल से चार थाना कोखराज से एक थाना सैनी से दो थाना करारी से एक थाना मंझनपुर से चार कुल 14 अभियुक्तों को चालान कर न्यायालय भेज दिया।

# साइकिल चोर नशेड़ी आए दिन देते हैं घटना को अंजाम!

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत चौकी भरवारी कस्बा में नशा के शौकीनों के लिए साईकल चुराना फिर बेचकर नशा करना इनकी आदत बन गयी है 'वैसे भी इस वक्त साईकल चोर कस्बा में सक्रिय है गर्मी की छुट्टी होने के चलते भरवारी कस्बा में बच्चो की कोचिंग चल रही है जिसमे सभी जगह छात्र एवम छात्राए कोचिंग सेंटर में पढ़ते समय अपनी साईकल खड़ी करके अंदर पढ़ने चली जाती है जिसके बाद नशा के शौकीन नशा के चक्कर मे बच्चो की साईकल कोचिंग सेंटर से चुराकर रफूचक्कर हो जाते है जब कोचिंग समाप्त होने पर बच्चे अपनी साईकल लेने जाते है तो वहाँ से साईकल गायब नजर आती है इतना ही नही आज बस स्टॉप स्थित जुगनू केशरवानी के यहां भी ऐसा ही हुआ जब लड़की घर के अंदर सिलाई सीखने गई तभी पहले से घात लगाए नसेड़ी उक्त लड़की की साईकल चुराकर भागा तभी वहां खड़े एक व्यक्ति ने उस नशे बाज चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया तब तक लोगो द्वारा उसका स्वागत सत्कार किया गया उसके निवेदन पर मौका देते हुए छोड़ दिया गया यहा तक तो ठीक था परंतु उक्त चोर व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री के पेट्रोल पंप रसूल पुर गेरसा पहुच गया और वहा पेट्रोल भर रहे सेल्स मैन के रखे हुए पैसे पर हाथ साफ कर दिया डयूटी पर मौजूद सेल्स मैन की संख्या अधिक होने की वजह से उक्त चोर वहां भी पकड़ गया और फिर स्वागत हुआ सब मिलाकर नशे के लिए यह चोर किसी का भी समान पार करने में किसी भी हद तक जा सकते है यह जल्दी पकड़े नही जाते है चूंकि इनका गैंग बड़ा है इस वक्त काफी संख्या में लोगो की साईकल चुराने में इनको महारत हासिल है।

## संपादकीय

# भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी से निकले संकेत


**आंध्र** प्रदेश और तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद (भ्लकमतंइंक) में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक भाजपा की भविष्य दृष्टि बताने वाली रही है। अपनी कार्यकारिणी बैठक में भाजपा नेतृत्व ने जैसे तेवर दिखाए उससे मोदी विरोधी दल सकपका जरूर गये होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह का दावा है कि आगामी 30-40 साल तक भाजपा-युग ही रहेगा और भारत ह्यविश्व-गुरुह्न बनेगा। हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ह्यराजनीतिक प्रस्तावह्न पेश करते हुए उन्होंने यह दावा किया। साफ मायने हैं कि इतने कालखंड के दौरान भाजपा की सत्ता ही रहेगी और वही देश की दिशा और दशा तय करती रहेगी। इसी दौरान कुछ विशेषज्ञों के आकलन भी सामने आए हैं कि प्रधानमंत्री मोदी, देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी के कार्यकालों को, पार कर नया मील-पत्थर स्थापित कर सकते हैं। यह तभी संभव है, जब प्रधानमंत्री मोदी 2031 के बाद भी पद पर बने रहें। बहुत दूर की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं। ऐसा बहुत कुछ है, जो इनसान के नियंत्रण में नहीं है। दावे तो कुछ भी किए जा सकते हैं। फिलहाल 2024 के आम चुनाव निकटस्थ हैं। विश्लेषण उन्हीं के मद्देनजर किए जाने चाहिए। दरअसल यह राजनीतिक एकाधिकार का वैसा दौर नहीं है, जो देश की आजादी के बाद कांग्रेस और नेहरू के हिस्से आया था। इंदिरा गांधी के दौर में कांग्रेस विभाजित हुई, लेकिन पार्टी के परंपरागत जनाधार ने इंदिरा कांग्रेस को ही असली कांग्रेस स्वीकार किया, नतीजतन जनादेश कांग्रेस के पक्ष में ही रहे। आज की कांग्रेस उसी दौर की पार्टी के अवशेष हैं। देश कांग्रेस-मुक्त होने के कगार पर है। सिर्फ दो राज्यों में उसकी सरकार है। विपक्ष तब बौना था, बंटा हुआ था, स्वीकृति बहुत सीमित थी और साझा गठबंधन के तब भी प्रयास किए गए थे। मुट्ठी भर सफलताएं मिलीं, लेकिन अस्थायी और अस्थिर साबित होती रहीं। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी आज के राजनीतिक दौर में उतने ही ताकतवर और लोकप्रिय नेता हैं। देश के 18-20 राज्यों में भाजपा या उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं। मोदी की सफलता के चरमोत्कर्ष के बावजूद तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, केरल, छत्तीसगढ़, राजस्थान और पंजाब राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं। तमिलनाडु और केरल में तो भाजपा आज भी लगभग शून्य है। ये सभी ताकतवर राज्य हैं और उनके जनादेश के आधार भी भिन्न हैं, लेकिन वे राष्ट्रीय जनादेश को प्रभावित करने में सक्षम हैं। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में यह लक्ष्य पाारित किया गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी 350 सीटें जीतने के संकल्प के साथ उतरेगी। इनमें से कमोबेश 100 सीटें दक्षिण भारत के पांच राज्यों से जीतने का लक्ष्य तय किया गया है। हमें यह अतिशयोक्ति लगता है, क्योंकि ऐसे किसी मुद्दे की लहर के आसार तक नहीं हैं, जो भाजपा की झोली सीटों से लबालब भर दे। बहरहाल भाजपा की यह पुरानी परंपरा रही है कि वह बड़े और असंभव-से लक्ष्य तय करती है और फिर उन्हें हासिल करने के लिए नए वोट बैंक का जुगाड़ भी करती है। भाजपा का समंदर-सा काडर भी उसकी ताकत है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दलित, पिछड़े, ओबीसी, मुसलमानों के वंचित तबके (खासकर पसमांदा) और मुस्लिम महिलाओं में भाजपा के नए जनाधार तैयार किए गए हैं। कार्यकारिणी में भी तय किया गया है कि पार्टी मुसलमानों की बहुसंख्यक आबादी में भी पैठ बनाएगी और ह्यस्नेह-यात्राह्न का आगाज किया जाएगा। कार्यकारिणी के भाषणों में ह्यआदिवासीह्न का मुद्दा भी खूब गूंजता रहा। भाजपा-एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू इसी समुदाय की हैं। दरअसल भाजपा उस स्थान को सबसे पहले कब्जा लेती है, जहां कांग्रेस का पतन होता है अथवा उभार की संभावनाएं नगण्य हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के जरिये भाजपा दक्षिण में पार्टी के विस्तार का संदेश देना चाह रही है। अब तक वह दक्षिण में कर्नाटक के अलावा अन्य राज्यों में बहुत कुछ नहीं कर पायी है। अब वह 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दक्षिण भारत में जनाधार बढ़ाने की तैयारी में जुट गई है। तेलंगाना में भाजपा की महत्वाकांक्षा की एक वजह यह भी कि राज्य गठन के बाद केसीआर ने अपनी पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत कर ली कि शेष विपक्ष सिमटकर रह गया। ऐसे में राजनीतिक परिदृश्य में जो रिक्तता आई उसे भाजपा भरने की कवायद में जुटी है। भाजपा ने जहां कई मजूबत विपक्षी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल किया, वहीं केसी राव के करीबियों में भी सेंध लगाई, ताकि राज्य में टीआरएस का बेहतर विकल्प तैयार किया जा सके। यहां तक कि भाजपा ने राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अपने नेताओं को भेजकर जनता का मूड भांपने की भी कोशिश की है। हाल में महाराष्ट्र में मिशन लोटस पूरा करके भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिये हैदराबाद को चुनने का मकसद मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को भी समझ में आ गया है कि भाजपा का अगला निशाना तेलंगाना है। अपने दूसरे कार्यकाल के आखिरी दौर में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को भी इस बार बड़ी चुनौती का मुकाबला करना होगा। यही वजह है कि वे नरेंद्र मोदी और भाजपा पर हमलावर हैं। पोस्टर, ट्विटर युद्ध के अलावा जुबानी जंग भी जारी है। यहां तक कि केसीआर प्रधानमंत्री तक को रिसीव करने नहीं गये। बहरहाल, भाजपा ने शनिवार-रविवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिये हैदराबाद को भगवा रंग से तो रंग दिया, लेकिन मतदाताओं को यह रंग लुभा पायेगा, ये आने वाला वक्त बतायेगा। दरअसल, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ममता बनर्जी की तरह भाजपा से दो-दो हाथ करने के लिये तैयार हैं। वहीं हाल के दिनों में वे भाजपा का विकल्प तैयार करने की साझा विपक्ष की कोशिशों में सक्रिय रहे हैं।

# बहुसंख्य समाज अपमान के घूंट कब तक पीता रहेगा?

**ललित गर्ग**

**देश** के कुछ समूहों, वर्गों, राजनीतिक-गैर राजनीतिक संगठनों एवं सम्प्रदायों में राष्ट्रवाद का अभाव ही अनेक समस्याओं की जड़ है। इसी से धार्मिक उन्माद बढ़ रहा है, इसी से कभी नुपूर शर्मा तो कभी महुआ मोइत्रा के बयानों पर विवाद खड़े हो रहे हैं। डॉक्यूमेंट्री फिल्म काली के पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाकर एक धर्म-विशेष की भावनाओं को आहत करने की कुचेष्टा भी इसी राष्ट्रभावना के अभाव का परिणाम है। अक्सर हिन्दू देवी-देवताओं का उपयोग दुर्भावना से करते हुए उन्हें स्मोक करते हुए दिखाना हो या मांसाहार के प्रचार के रूप में उनका उपयोग किया जाना हो। कभी चप्पलों तक में उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। कभी टी-शर्ट तो कभी महिलाओं के वस्त्रों में उनका उपयोग भद्दे, घटिया एवं सिद्धान्तहीन लाभ एवं धर्म-विशेष की आस्था को आहत करने की भावना से होता रहा है। प्रश्न है कि सहिष्णु धर्म विशेष कब तक ऐसे हमलों को सहता रहेगा? कब तक सर्वधर्म समभाव के नाम पर बहुसंख्य समाज ऐसे अपमान के घूंट पीता रहेगा? समूचे देश में एक वर्ग-विशेष में बढ़ रहे धार्मिक उन्माद पर तुरन्त नियन्त्रण किये जाने की जरूरत है क्योंकि अभी यदि इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो उसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं जिनसे राष्ट्रीय एकता को ही गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। नुपूर शर्मा के बयान को आधार बनाकर उदयपुर एवं अमरावती में जिस तरह से दो व्यक्तियों का गला रेत कर हत्या करके समूचे देश को डराने एवं धमकाने की कोशिशें की गयी हैं, इन निन्दनीय एवं त्रासद घटनाओं पर गहन मंथन किये जाने की जरूरत है। नुपूर शर्मा ने जो कहा और जिसे लेकर देश-दुनिया में जो हंगामा बरपा, जो विवाद खड़े किये गये, वह उन्होंने भगवान शिव के अनादर के प्रतिकार में कहा। इसे हम देश-दुनिया के समक्ष सही एवं तथ्यपरक तरीके से स्पष्ट नहीं कर सके और इसीलिये कई इस्लामी देशों ने हमें आंख दिखाई। हम यह भी नहीं बता पाये कि शिवलिंग को लेकर कैसी भद्दी, अपमानजनक एवं घटिया टिप्पणियां की गई और किस तरह उनका उपहास उड़ाया गया। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तो यह है कि देश की प्रमुख दरगाह अजमेर शरीफ के जिम्मेदार खादिमों ने सच्चाई को जानते हुए जानबूझकर भड़काऊ एवं उन्मादी भाषणों





**परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब शिक्षा देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे थे। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति, कट्टरवादियों की उन्मादी सोच व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है। धर्म तो पवित्र चीज है। इसके प्रति श्रद्धा हो। अवश्य होनी चाहिए। पूर्ण रूप से होनी चाहिए। परन्तु धर्म की जब तक अन्धविश्वास से मुक्ति नहीं होगी तब तक वास्तविक धर्म का जन्म नहीं होगा**

से आग में घी डालने का काम किया। ख्वाजा चिश्ती की दरगाह पर मुसलमानों से ज्यादा हिन्दू जाते हैं और चादर चढ़ाते हैं। इस स्थान को भारत की मिली- जुली संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। उसी दरगाह के एक खादिम के हिंसक एवं उन्मादी विचार हैं तो क्या हिन्दू हाथ पर हाथ धरे देखते रहेंगे? नूपुर शर्मा के विरोध में निकाले गये मुस्लिम समुदाय के जुलूसों में सर तन से जुदा के नारे लगाना पूरी तरह संविधान का उल्लंघन था और आम मुसलमान को हिंसा के लिए प्रेरित करने वाला था। इसका प्रतिकार उसी समय यदि मुस्लिम उलेमाओं व दारुल उलूम जैसी संस्थाओं द्वारा किया जाता तो न उदयपुर में कन्हैयालाल का कत्ल होता और न ही अमरावती में उमेश कोल्हे को मौत के घाट उतारा जाता। सवाल सिर्फ संविधान का पालन करने का था। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण तो अजमेर शरीफ की दरगाह का खादिम सलमान चिश्ती का वीडियो है जिसमें वह मुसलमानों को भड़काते हुए कहता है कि जो कोई भी नूपुर शर्मा का सिर लायेगा उसे इनाम में वह अपना घर दे देगा। यह बयान स्पष्ट करता है कि मुसलमानों के दिलों में कितना जहर भरा जा रहा है, उन्हें हिंसा एवं उन्माद के लिये कितना उकसाया जाता है। यह कैसी धार्मिकता है? यदि गौर से देखा जाये तो यह सब तालिबानी मानसिकता का ही एक स्वरूप है। यह मानसिकता मानवीयता को रौंधते हुए केवल कट्टरवादी सोच को विकसित करती है। देश में अनेक राजनीति एवं गैर-राजनीतिक स्वार्थों से प्रेरित अराष्ट्रवादी एवं अराजक शक्तियां भी हैं जो देश की एकता, शांति एवं अमन-चैन को छिनने के लिये तत्पर रहती है, ऐसी ही शक्तियों में डॉक्यूमेंट्री फिल्म काली की प्रोड्यूसर लीना मणिमेकलाई एवं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा है, जो असंख्य श्रद्धालुओं की केन्द्र मां काली को स्मोक करते हुए जारी किये गये विवादास्पद पोस्टर के नाम पर देश की शांति को भंग करने पर तूली है। जिस पर कांग्रेस का एक वर्ग समर्थन कर रहा है तो दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने सबसे सम्मानित देवी में से एक के दृश्य प्रदर्शन पर आयोजकों को कई बार सोचना की सलाह दी है। उन्होंने कहा,मैं मानता हूं कि एक संतुलन बनाए रखा जाना चाहिए कि प्रतीकों, हमारी आस्था का सार, हमारी संस्कृति के दिल और आत्मा को कोई भी, कहीं भी तुच्छ नहीं बना सकता। दरअसल, इस भद्दे तरीके से मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया जाये और विरोध में हिंदू संगठन सक्रिय न हो, यह कैसे संभव है? आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए बीते 75 सालों में हमें जहां पहुंचना था, वहां न पहुंच कर उस जगह पहुंच गये जहां राष्ट्रवाद ही धुंधला हो गया है। विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा के नाम पर यहां की बहुसंख्य आबादी को ही हमेशा झुकना पड़ा, उनका ही शोषण हुआ, फिर भी यह बहुसंख्य आबादी अनेक आघातों को सहकर भी अपनी सांझा-संस्कृति की सुरक्षा के लिये हर तरह का त्याग किया, बलिदान दिया। इसके लिये ही हमने जिस धर्मनिरपेक्षता को स्वीकारा उसका मतलब किसी भी मजहब के लोगों का तुष्टीकरण नहीं था बल्कि प्रत्येक धर्म को एक समान दृष्टि से देखना था। चूंकि यह देश हिन्दू बहुल है अतः स्वयं को हिन्दू कहने वाले नागरिकों को ही सर्वप्रथम यह विचार करना होगा कि उनके धर्म में कट्टरता का प्रवेश किसी सूरत से न हो सके और उनकी सनातन संस्कृति सुरक्षित रहे। परन्तु दूसरी तरफ देश का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय माने जाने वाले मुसलमान नागरिकों को भी यह विचार करना होगा कि वे उस हिन्दुस्तान के नागरिक हैं जिसकी संस्कृति में ही आपसी प्रेम और भाईचारा घुला हुआ है। हर मुसलमान को राष्ट्रवादी तो बनना ही होगा। यह राष्ट्रवाद की लगाम निरपेक्ष रूप से कसी जानी चाहिए जिससे प्रत्येक धर्म के अनुयायी नागरिक की पहली पहचान भारतीय ही हो सके। लेकिन मुस्लिम जन-मानस ने इसे क्रियारूप में स्वीकारा नहीं। हमारे ह्यसर्वधर्म समभावह्न का तात्पर्य सब धर्मों के अस्तित्व को एक समान दर्जा व आदर भाव देने का एक भावात्मक प्रयास किया है। पर इस ह्यसद्भावनाह्न के नाम पर हिन्दू कब तक छला जायेगा, आहत होगा। धर्मनिरपेक्षता अथवा उसके लिए चाहे जो अन्य शब्द का प्रयोग करें, विभिन्न धर्मों, संस्कृति और परम्पराओं की विविधता के बावजूद भारत को जो एक रखती आई है, कट्टरपंथियों ने इसकी मूलभूत भावना को विद्रूप कर दिया। परन्तु समस्या का समाधान उसका विकल्प खोजने में नहीं अपितु पुनः अर्जित करने में है। आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब शिक्षा देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे थे। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति, कट्टरवादियों की उन्मादी सोच व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है। धर्म तो पवित्र चीज है। इसके प्रति श्रद्धा हो। अवश्य होनी चाहिए। पूर्ण रूप से होनी चाहिए। परन्तु धर्म की जब तक अन्धविश्वास से मुक्ति नहीं होगी तब तक वास्तविक धर्म का जन्म नहीं होगा।

# योग का वैश्विक विस्तारीकरण

**संजीव ठाकुर**

**भारतीय** वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है। योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है। योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए



रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरूआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी। योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है तथा इससे फॉरेन एक्सचेंज भी मजबूत होने लगा जिसके फलस्वरूप योग्य के प्रति पश्चिम के लोगों में बढ़ते आकर्षण ने ही बाबा रामदेव देव जैसे योग गुरु को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। और यही कारण है कि बड़ी संख्या में विदेशी यात्री भी योग सीखने भारत आते हैं तथा भारत की पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे हमारे देश का विदेशी मुद्रा का संचयन धीरे धीरे बढ़ने लगा है। योग के प्रसिद्ध होने के साथ-साथ इसके अनेक केंद्र भारत तथा विदेशों में खुलने से भारत सरकार को विदेशी मुद्रा से भारी आर्थिक लाभ होना भी सुनिश्चित होने लगा है। अतः योग सिर्फ रोग निवारक ना होकर मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुधारने में सहायक हो गए हैं। इसके साथ ही योग प्रक्रिया के प्रचार प्रसार से योग से संबंधित समस्त सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ-साथ अनेक रोजगार के अवसर में वृद्धि हुई है।

योग वर्तमान में ही नहीं ऐतिहासिक रूप से भी वेदों में भी योग तथा शारीरिक क्रियाओं का विस्तृत वर्णन है।अतः हमें शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार लाने की आवश्यकता होगी। देश में लगभग सभी स्कूलों कॉलेजों में अब योग शिक्षकों की तथा योग कक्षाओं की अनिवार्यता की जाने वाली है। जिससे देश की आने वाली पीढ़ी तथा देश के आने वाले नागरिक भी स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के साथ अपने रोजगार अवसरों में अपना 100% योगदान प्रदान करेंगे, जिससे भारत में उत्पादक क्षमता में बढ़ने की आशा की जा सकती है। योग से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ-साथ कार्यकुशलता भी विशेषज्ञता के साथ वृद्धि करती रहती है।

# जलमेव जीवनम...वर्षा जल संचयन बहुत ही महत्वपूर्ण

**सुनील महला**

**भारत** में आमतौर पर जून से जुलाई-अगस्त तक के महीने मानसून के महीने होते हैं। जून से अगस्त तक हमारे देश में बारिश होती है लेकिन बारिश के जल संचयन की आज हरेक जगह पर व्यवस्था नहीं है। अमूमन हम वर्षा जल संचयन की ओर ध्यान नहीं देते। आज विश्व भर में पेयजल की कमी एक बड़ा व गंभीर संकट बनती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। ऐसे में वर्षा जल संचयन बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। वास्तव में, जल संचयन वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को कहा जाता है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि वर्षा जल संग्रहण विभिन्न उपयोगों के लिए वर्षा जल रोकने और एकत्र करने की विधि है। इसका उपयोग भूजल भंडार को भरने के लिए भी किया जाता है। यह कम मूल्य और हमारी धरती के पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल विधि है जिसके द्वारा पानी की प्रत्येक बूंद संरक्षित करने के लिए वर्षा जल को नलकूपों, गड्ढों और कुओं में एकत्र किया जाता है। आज वर्षा जल संचयन समय की मांग है। जल संचयन ऐसे समय में अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, जब यह बात बार बार कही जा रही हो कि अगला विश्व युद्ध जल के लिए होगा। हमें अभी से जल संचयन के प्रति सजग व जागरूक होने की जरूरत है। वास्तव में, सतह से बारिश के पानी को इकट्?ठा करना बहुत ही असरदार और पारंपरिक तकनीक है। इससे छोटे तालाबों, भूमिगत टैंकों, बांध आदि के इस्तेमाल से जल संरक्षण किया जा सकता है। भूमिगत पुनर्भरण तकनीक जल संग्रहण का एक नया तरीका है। आज घरों, कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जा रहे हैं, जो जल संरक्षण की दिशा में एक शानदार कदम कहा जा सकता है। यदि हम आंकड़ों की बात करें तो हालात इतने खराब हैं कि दुनिया के 37 देश पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं, इनमें सिंगापुर , पश्चिमी सहारा , कतर , बहरीन , जमैका , सऊदी अरब और कुवैत समेत 19 देश ऐसे हैं , जहां पानी की आपूर्ति , मांग से बेहद कम है । दुख की बात यह है कि हमारा देश इन देशों से सिर्फ एक पायदान ही पीछे है। यूएन की एक रिपोर्ट बताती है कि विश?व में करीब 79 करोड़ लोगों को जरूरत के हिसाब से पानी मुहैया नहीं है। हर वर्ष गंदे पानी पीने की वजह से विश?व में लाखों लोग टाइफाइड की चपेट में आते हैं। कहने को दुनिया का 75 फीसद हिस्?सा पानी ही है लेकिन इसके बाद भी करोड़ों लोग आज भी इसकी पहुंच से दूर हैं। इसकी कई वजह हैं। संयुक?त राष?ट्र का कहना है कि 2050 तक ये समस्?या और अधिक बढ़ जाएगी। जनसंख्या वृद्धि के साथ ही पानी की समस्या लगातार बढ़ रही है। असलियत यह है कि दुनिया में पांच में से एक व्यक्ति की साफ पानी तक पहुंच ही नहीं है। आज इस दुनिया में कई देश और कई शहर ऐसे हैं जहां पर लोगों को पीने के पानी या अपनी जरूरत के पानी के लिए मीलों का सफर तय करना पड़ता है। राजस्थान के दूर-दराज इलाकों में आज भी पानी का नितांत अभाव है और यहाँ पानी को घी की तरह सहेज कर रखा जाता है। जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर के बहुत से क्षेत्रों में पानी की समस्या किसी से छिपी नहीं हुई है, हालांकि इंदिरा गांधी नहर से बहुत हद तक पानी की समस्या से निजात जरूर मिली है। लेकिन आज भी दूर दराज के क्षेत्रों में महिलाओं, पुरूषों व बच्चों को पानी लाते ले जाते देखा जा सकता है। ये संपूर्ण विश?व की एक विडंबना रही है कि स्वच्छ पानी की लगातार कमी हो रही है। यह लेखक एक प्रतिष्ठित अखबार में पढ़ रहा था कि " यह सब सेवा एवं उद्योग क्षेत्र से योगदान बढ़ने के कारण घरेलू और औद्योगिक क्षेत्र में पानी की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का नतीजा है । कितनी दुखदायी स्थिति है कि दुनिया में नदियों के मामले में सबसे अधिक संपन्न हमारे देश की तकरीबन साठ करोड़ से ज्यादा आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है, और देश के तीन चौथाई घरों में पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है । देश की यह स्थिति तब है।

# फिल्मों के माध्यम से आस्था का मजाक

**सुरेश हिंदुस्थानी**

फिल्मों के माध्यम से जिस प्रकार फिल्म के निमार्ता-निर्देशकों द्वारा हिन्दू धार्मिक भावनाओं का अपमान किया जाता है, वह निश्चित ही शर्म की बात है। इन लोगों की इतनी हिम्मत इसलिए भी हो जाती है, क्योंकि हिन्दू समाज पुरातन काल से सहिष्णु है। वह सर्वधर्म समभाव की भावना को अंगीकार करता है। इसीलिए हिन्दू समाज सभी धर्मों का सम्मान करता है। हिन्दू समाज की इसी विशेषता के कारण फिल्म बनाने वाले ऐसा कुकृत्य करने का दुस्साहस करते हैं। हम यह भली-भांति जानते हैं कि ऐसी फिल्म किसी और धर्म की बना दी जाए तो तूफान आ जाता है। भारत पुरातन काल से वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से समस्त विश्व को देखता है। इस भाव को पुष्ट करने के लिए भारत के प्राचीन धर्मग्रंथ समाज को एक होने की राह पर अग्रसर करते हैं। इसलिए भारत की संस्कृति को विविधता में एकता के रूप में व्याख्यायित किया जाता है। भारतीय दर्शन को आत्मसात करने वाले समाज में यही भाव एक विशेष गुण के रूप में दिखाई देता है, लेकिन जब भारत में पराधीन काल रहा, उस समय भारत की इस संस्कृति को मिटाने का उपक्रम किया गया। सांस्कृतिक मानबिन्दुओं पर कुठाराघात करने के कुत्सित प्रयास किए गए। इतना ही नहीं आज भी ऐसी मानसिकता के व्यक्ति पूरे विश्व में रहने वाले हिन्दू समाज की आस्था पर हमला करते दिखाई देते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सरेआम हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान किया गया। जिसमें हम सभी को स्मरण होगा कि चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने माँ सरस्वती की आपत्तिजनक पेंटिंग बनाकर भारत की आस्था को रौंदने का काम किया था। विसंगति तो यह है कि कुछ संस्थाओं द्वारा इस कृत्य को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समर्थन किया गया, जबकि इसके विपरीत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ये समर्थक किसी और धर्म के बारे में सही बात को भी गलत तरीके से प्रचारित करके बवंडर खड़ा कर देते हैं।

## एस्ट्रेला डैम लेडीज ओपन में भारतीय दल की अगुआई करेंगी दीक्षा डागर

**सिटगेस (स्पेन)।** बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदकधारी गोल्फर दीक्षा डागर यहां होने वाले एस्ट्रेला डैम लेडीज ओपन में छह सदस्यीय भारतीय दल की अगुआई करेंगी। दीक्षा एक महीने से ज्यादा समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं जिसमें अमुडी जर्मन



मास्टर्स भी शामिल हैं। उनकी निगाहें अब शीर्ष 10 में जगह के साथ अपने करियर में दूसरी बार लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीतने पर होंगी। वर्ष 2019 में दीक्षा भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक के बाद लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीतने वाली दूसरी महिला गोल्फर बनी थीं। इक्कीस साल की दीक्षा ने इस साल ब्राजील में बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।

## प्रशासकों की समिति से मिलकर खुश नहीं हैं राज्य फुटबॉल संघ के प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** राज्य फुटबॉल संघ के प्रतिनिधियों और प्रशासकों की समिति के बीच संविधान के अंतिम मसौदे को तैयारी करने के लिये हुई बैठक नाकाम रही । फीफा एएफसी की टीम ने पिछले महीने भारतीय भागीदारों से नया संविधान 31 जुलाई तक मंजूर कराने और 15 सितंबर तक चुनाव कराने के लिये कहा था वरना एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है । फीफा के प्रतिबंध के मायने हैं कि भारत को अक्टूबर में होने वाले अंडर 17 महिला विश्व कप की मेजबानी गंवानी पड़ सकती है। प्रदेश संघों के अधिकारियों ने कहा कि बैठक बेनतीजा रही और वे परिणाम से खुश नहीं हैं । प्रदेश संघों की नुमाइंदगी सात सदस्यीय समिति ने की । वहीं सीओए ने कहा कि वह सभी के सुझावों को ध्यान में रखकर संविधान का मसौदा तैयार करेगी । सीओए सदस्य एस वाय कुरैशी ने कहा ,'' प्रदेश संघों के सदस्यों के साथ हमारी बैठक सार्थक रही और अच्छे सुझावों का आदान प्रदान हुआ । सीओए उन सुझावों को ध्यान में रखकर संविधान को अंतिम रूप देगा ।''

## सिमोन हालेप तीसरी और रिबाकीना पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में, किर्गियोस भी अंतिम-4 में

**लंदन।** 2019 की विंबलडन चैंपियन रोमानिया की सिमोना हालेप विंबलडन में लगातार 12वीं जीत के साथ तीसरी बार सेमीफाइनल पहुंच गई हैं। क्वार्टर फाइनल में 16वीं वरीय सिमोना ने 20वीं वरीय अमेरिका की अमांडा अनीसिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराया। वहीं, कजाखस्तान की 17वीं वरीय एलीना रिबाकीना ऑस्ट्रेलिया की अजला तोम्जानोविच को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर पहली बार किसी भी ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में जगह बनाई है। हालेप और एलीना बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी। सिमोना ने अनीसिमोवा को हराने के लिए एक घंटे तीन मिनट का समय लिया।





सिमोना हालेप चोट की वजह से पिछले साल विंबलडन में नहीं खेल सकी थीं और अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाईं। सिमोना का कहना है कि इस बार वह कड़ी तैयारी करके आई हैं। पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में निक किर्गियोस ने गैरिन को हराकर अंतिम-चार में जगह बनाई। किर्गियोस ने गैरिन को 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। इसके अलावा नोवाक जोकोविच और कैमरून नॉरी पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। किर्गियोस का सामना टी फ्रिट्ज और राफेल नडाल के बीच चल रहे मैच के विजेता से होगा।

# फ्रिट्ज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे नडाल, अब किर्गियोस से सामना

**विम्बलडन।** उनके पिता दर्शक दीर्घा से हाथ हिलाकर उन्हें कोर्ट छोड़ने के लिए कह रहे थे लेकिन 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन राफेल नडाल कहां हार मानने वालों में से हैं। पेट के दर्द से जूझते हुए उन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्स को हराकर विम्बलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

दर्द की वजह से अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखे नडाल ने 3.6, 7.5, 3.6, 7.5, 7.6 से जीत दर्ज की। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'एक क्षण के लिए मुझे लगा कि मैं मैच खत्म नहीं कर सकूंगा।' अब उनका सामना



ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस से होगा जिन्होंने चिली के क्रिस्टियन गारिन को 6.4, 6.3, 7.6 से हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच की टक्कर कैम नॉरी से होगी। महिला सेमीफाइनल में 2019 की चैम्पियन सिमोना हालेप का सामना एलेन राइबाकिना से होगा जबकि ओंस जबाउर की टक्कर ततयाना मारिया से होगी। हालेप ने अमांडा एनिसिमोवा को 6.2, 6.4 से हराया जबकि राइबाकिना ने एला टोमजानोविच को 4.6, 6.2, 6.3 से शिकस्त दी। नडाल का इस जीत के साथ 2022 में अपराजेय अभियान 19.0 का हो गया। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और जून में फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। उन्होंने कभी सत्र के पहले तीन ग्रैंडस्लैम खिताब एक साथ नहीं जीते।

## लगातार दूसरे टूर्नामेंट में पहले दौर से बाहर हुई साइना, सिंधु और प्रणय अगले राउंड में

**नई दिल्ली।** मलेशिया मास्टर्स में भारत को बड़ा झटका लगा। दिग्गज शटलर साइना नेहवाल पहले ही राउंड में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। साइना लगातार दूसरे टूर्नामेंट में पहले दौर में हारकर बाहर हुई हैं। इसके अलावा दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में चीन की ही बिंग जियाओ को हराकर महिला सिंगल्स के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने लगभग एक घंटे तक चले मुकाबले में बिंग जियाओ को 21-13 17-21 21-15 से हराया। इस जीत के साथ दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में बिंग जियाओ के खिलाफ मिली हार का बदला ले लिया। हालांकि, चीनी खिलाड़ी का अब भी सिंधु के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 10-9 का है।

वहीं, दूसरी तरफ लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहला मैच में दक्षिण कोरिया की किम गा युन ने 21-16 17-21 14-21 से हरा दिया। पहला गेम साइना ने अपने नाम किया था। अगले दो गेम में भी साइना ने कोरियाई खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल की। दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी साइना पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं थीं। बात करें मेन्स सिंगल्स की तो एच एस प्रणय भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

## भारत के आर्यन चोपड़ा बने सर्बिया मास्टर्स शतरंज के उपविजेता

**नई दिल्ली।** भारत के युवा ग्रांड मास्टर आर्यन चोपड़ा नें सर्बिया मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम राउंड में टर्की के ग्रांड मास्टर एमरे कान को पराजित करते हुए 7.5 अंक बनाकर उपविजेता का स्थान हासिल किया है जबकि ग्रीस के एवेगेनीओस इओनिडिस 8 अंक बनाकर विजेता बनने में कामयाब रहे तो इज़राइल के एवगेनय जनन 7 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे । दुनिया भर के 39 देशो के कुल 266 खिलाड़ियों नें 9 राउंड की इस स्विस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । आर्यन चोपड़ा नें पूरी प्रतियोगिता में अविजित रहते हुए 6 जीत और 3 ड्रॉ के परिणाम हासिल करते हुए 2730 रेटिंग के स्तर का प्रदर्शन किया । भारत के अधिबन भास्करन 6.5 अंक बनाकर टाईब्रेक में छठे तो आदित्य मित्तल सातवे स्थान पर रहे साथ ही आदित्य नें अपना



दुनिया भर के 39 देशो के कुल 266 खिलाड़ियों नें 9 राउंड की इस स्विस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ।

तीसरा और अंतिम ग्रांड मास्टर नार्म पूरा कर लिया है और अब देश का अगला ग्रांड मास्टर बनने के लिए उन्हे सिर्फ 5 फीडे रेटिंग की जरूरत है फिलहाल आदित्य की लाइव रेटिंग 2495 पहुँच गयी है ! अन्य भारतीय खिलाड़ियों में 6.5 अंक बनाकर हर्षा भारतकोठी नौवे स्थान पर रहे ।

## एशिया कप 2022: एक बार फिर आमने-सामने होंगे भारत-पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** सभी की निगाहें 23 अक्टूबर को प्रतिष्ठित एमसीजी में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच ब्लॉकबस्टर टी20 विश्व कप 2022 के दौरान भिड़त को लेकर होगी। वहीं इससे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच मैच की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चिर प्रतिद्वंद्वी 28 अगस्त को एशिया कप में एक दूसरे के खिलाफ खेल सकते हैं। एशिया कप का 2022 संस्करण 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच टी20 प्रारूप में श्रीलंका में खेला जाएगा।

रिपोर्टों के अनुसार श्रीलंका को अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है जबकि क्वालीफायर 21 अगस्त से शुरू होंगे। एशिया कप के 15वें संस्करण के कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा जल्द ही श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) द्वारा की जाएगी, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एसएलसी को पिछले कुछ महीनों से देश में आर्थिक और राजनीतिक अशांति के बावजूद टूर्नामेंट की मेजबानी करने की मंजूरी मिल गई है।

एशिया कप 2022 अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रिहर्सल के रूप में होगा। यह दूसरी बार होगा जब 2016 के बाद टी20 प्रारूप में खेला जाएगा जिसे भारत ने जीता था और मेजबान बांग्लादेश को व्यापक रूप से हराया था। भारत से हरी झंडी मिलने के बाद एसएलसी एशिया कप से आगे बढ़ रहा है। वे अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ तैयार हैं। हाई प्रोफाइल भारत बनाम पाकिस्तान मैच 28 अगस्त को निर्धारित है।




पिछले साल 24 अक्टूबर को दुबई में प्रसिद्ध टी20 विश्व कप 2021 के ग्रुप स्टेज मैच के बाद कट्टर-प्रतिद्वंद्वी पहली बार आमने-सामने होंगे जिसमें पाकिस्तान ने भारत को सभी विभागों में पछाड़ते हुए 10 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की थी। मेन इन ब्लू अब कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ शानदार वापसी की उम्मीद करेगा।

# जानती हूं उज्बेकिस्तान में सब अलग होगा : डांगमेई ग्रेस

**नई दिल्ली।** अपनी फुर्ती और 'ड्रिब्लिंग कौशल' के लिए मशहूर भारतीय स्ट्राइकर डांगमेई ग्रेस अच्छी तरह जानती हैं कि उज्बेकिस्तान के क्लब एफसी नसफ में खेलने के दौरान सब कुछ काफी मुश्किल होगा लेकिन वह इस चुनौती के लिए काफी उत्साहित हैं।

हाल में उज्बेकिस्तान के क्लब से करार करके विदेश में खेलने का सपना साकार करने वाली महिला फुटबॉलर ग्रेस ने कहा कि मैं जानती हूं कि उज्बेकिस्तान में सबकुछ अलग होगा, उनके खेलने की शैली, उनकी संस्कृति। मुझे काफी तेजी से इसके हिसाब से ढलना होगा और नए मित्र बनाने होंगे। लेकिन मैं इस नयी चुनौती के लिए और



अपने अनुभव साझा करने के लिए काफी उत्साहित हूं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की वेबसाइट पर ग्रेस ने कहा कि यह मेरे लिए सपने का साकार होना है। 26 साल की स्ट्राइकर ने कहा कि यह रातों रात का सपना नहीं है। मैं लंबे समय से विदेशों में खेलने का सपना देख रही थी। मैं इस दिन का इंतजार कर रही थी। यह मेरे लिए अपना कौशल दिखाने और भारतीय महिला फुटबॉल का अच्छा दूत होने का मौका है।

ग्रेस ने अपना अंतरराष्ट्रीय करियर 2013 में शुरू किया था और वह दक्षिण एशियाई खेलों (2016, 2019) और सैफ महिला चैम्पियनशिप (2016 और 2019) में जीत हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं क्योंकि मैं कई वर्षों से राष्ट्रीय टीम के लिए खेल चुकी हूं। मैंने उज्बेकिस्तान राष्ट्रीय टीम के खिलाफ 3 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे और उनकी टीम काफी मजबूत है।

## शूटिंग विश्व कप में 49 भारतीय निशानेबाज लगाएंगे निशाना, सरनोबत को जगह नहीं



**नई दिल्ली।** कोरिया के चांगवोन में 9 से 21 जुलाई तक होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप में 49 भारतीय निशानेबाज हिस्सा लेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल होने वाली विश्व चैंपियनशिप को ध्यान रखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। यह विश्व कप उन पांच विदेशी कोचों के लिए बड़ा काम होगा, जिन्हें हाल ही में राष्ट्रीय राइफल संघ ने नियुक्त किया है। एशियन गेम्स की चैंपियन स्टार निशानेबाज राही सरनोबत चिकित्सकीय कारणों से टीम से बाहर हो गई हैं। निशानेबाजी संघ के महासचिव के सुल्तान सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से पहले कड़ा अभ्यास किया है। विश्व कप में 44 देशों के 432 निशानेबाज हिस्सा लेंगे। पिछली बार अजरबैजान के बाकू में हुए विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और जीन रजत पदक के साथ पांचवें नंबर पर रहा था।

# धोनी ने दोस्तों के साथ मनाया जन्मदिन, पत्नी साक्षी ने शेयर की वीडियो

**लंदन।** भारत के पूर्व और चेन्नई सुपर किंग्स के मौजूदा कप्तान महेंद्र सिंह धोनी गुरुवार (7 जुलाई) को 41 साल के हो गए है। धोनी इस समय लंदन में अपनी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। बुधवार की रात धोनी की पत्नी साक्षी ने एमएस धोनी के अपने 41वें जन्मदिन को भव्य अंदाज में मनाते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया।

साक्षी ने इस्टा पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें धोनी केक काटते हुए नजर आ रहे हैं।




धोनी की बर्थडे पार्टी में उनके दोस्त भी शामिल हुए जिसमें टीम इंडिया के विकेटकीपर ऋषभ पंत भी शामिल थे। दिल्ली के युवा विकेटकीपर को साक्षी धोनी की एक इंस्टाग्राम स्टोरी में देखा जा सकता है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर विंबलडन में अपने पसंदीदा टेनिस सितारों के लिए चियर्स करते हुए भी देखा गया। धोनी को अपने दोस्तों के साथ एक तस्वीर के लिए पोज देते हुए देखा गया जिसे उनकी इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा साझा किया गया। तस्वीर को बाद में विंबलडन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी पोस्ट किया गया, जिसने तस्वीर को कैप्शन दिया, एक भारतीय आइकन विंबलडन देख रहा है। भारतीय सुपरस्टार सानिया मिर्जा भी बुधवार को एक्शन में थीं क्योंकि वह कोर्ट टू पर अपने क्रोएशियाई साथी मेट पाविक के साथ अपने पहले विंबलडन मिश्रित युगल सेमीफाइनल में खेल रही थी। हालांकि वह गत चैंपियन नील स्कूप्स्की और देसिरा क्राव्ज़िक के खिलाफ 6-4, 5-7, 4-6 से हारने के बाद फाइनल में पहुंचने में विफल रही। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर जो इन दिनों भारत के इंग्लैंड दौरे के लिए कमेंट्री टीम के रूप में यूनाइटेड किंगडम में हैं, को भी बुधवार को विंबलडन भीड़ में देखा गया।

## वैध जूते नहीं पहनने से ओलंपियन ट्रिपल जंपर रोजस विश्व चैंपियनशिप से बाहर

**नई दिल्ली।** ओलंपियन त्रिकूद महिला चैंपियन युलीमार रोजस इस महीने ओरेगॉन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की लंबी कूद स्पर्धा में हिस्सा नहीं ले पाएंगी, क्योंकि क्वालिफाइंग दौर में उन्होंने वैध जूते नहीं पहने थे। ट्रैक एंड फील्ड संस्था विश्व एथलेटिक्स ने कहा कि रोजस ने पिछले महीने स्पेन में आयोजित टूर्नामेंट में कूद लगाई थी, वह वैध नहीं था।

संस्था के मुताबिक, 26 साल की एथलीट ने त्रिकूद स्पर्धा में पहने वाले जूते से कूद लगाई थी। इसे लंबी कूद स्पर्धा में इस्तेमाल के लिए स्वीकृति नहीं दे सकते। नियम के अनुसार, लंबी कूद




स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए जूते के नीचे वाले हिस्से की मोटाई अधिकतम 20 मिलीमीटर हो सकती है। वहीं त्रिकूद के लिए यह 25 मिलीमीटर तक सीमित है। इस दौरान उन्होंने 6.93 मीटर की कूद लगाई थी, जो विश्व चैंपियनशिप के लिए काफी थी।

# जब तेंदलुकर ने गांगुली के कमरे में भर दिया था पानी, मास्टर ब्लास्ट ने ताजा की यादें

**नई दिल्ली।** पिछले साढे तीन दशक में सचिन तेंदुलकर ने सौरव गांगुली को विभिन्न अवतारों में देखा है ..एक परिपक्व किशोर, बेहतरीन भारतीय क्रिकेटर, सफल कप्तान और व्यस्त प्रशासक। लेकिन इस चैम्पियन बल्लेबाज के लिए वह इन सबसे ऊपर एक बेहद करीबी दोस्त है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद भी दोनों की दोस्ती उतनी ही गहरी है। बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली के 50वें जन्मदिन से पहले अपने 'सलामी जोड़ीदार' के साथ पुरानी यादों को ताजा करते हुए तेंदुलकर ने कई पहलुओं पर बात की। यह पूछने पर कि बतौर कप्तान करीब पांच साल के कार्यकाल में गांगुली ने उन्हें कितनी आजादी दी, तेंदुलकर ने कहा, 'सौरव महान कप्तान था। उसे पता था कि संतुलन कैसे बनाना है। खिलाड़ियों को कितनी आजादी देनी है और कितनी जिम्मेदारी।' उन्होंने कहा, 'जब उसने कमान संभाली, तब भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा था। हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जो भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सके।' उन्होंने कहा, 'उस समय हमें वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, जहीर खान, हरभजन सिंह और आशीष नेहरा जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी मिले। ये सभी बेहद प्रतिभाशाली थे लेकिन इन्हें करियर की शुरूआत में सहयोग की जरूरत थी जो सौरव ने दिया।उन्हें अपने हिसाब से खेलने की आजादी भी मिली।' तेंदुलकर ने बताया कि 1999 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने तय कर लिया था कि उनके कप्तानी छोड़ने पर अगला कप्तान कौन होगा। उन्होंने कहा, 'कप्तानी छोड़ने से पहले भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मैने सौरव को टीम का उप-कप्तान बनाने का सुझाव दिया था। मैने उसे करीब से देखा था और उसके साथ क्रिकेट खेली थी। मुझे



पता था कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सकता है। वह अच्छा कप्तान था।'

उन्होंने कहा, 'इसके बाद सौरव ने मुड़कर नहीं देखा और उसकी उपलब्धियां हमारे सामने है।' दोनों के बीच बेहतरीन तालमेल का ही नतीजा था कि 26 बार शतकीय साझेदारियां की और उनमें से 21 बार पारी की शुरूआत करते हुए। तेंदुलकर ने कहा, 'सौरव और मैने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की ताकि टीम मैच जीत सके। इसके आगे हमने कुछ नहीं सोचा।' गांगुली ने पहली बार भारत के लिए 1992 में खेला और फिर 1996 में वापसी की। उस समय मोबाइल फोन नहीं होते थे लेकिन दोनों एक दूसरे के संपर्क में रहे। तेंदुलकर ने कहा, '1991 के दौरे पर हम एक कमरे में रहते थे और एक दूसरे के साथ खूब मस्ती करते। हम अंडर 15 दिनों से एक दूसरे को जानते थे तो आपसी तालमेल अच्छा था। उस दौरे के बाद भी हम मिले लेकिन तब मोबाइल फोन नहीं होते थे। हम लगातार संपर्क में नहीं रहे लेकिन दोस्ती कायम थी।' उनकी पहली मुलाकात बीसीसीआई द्वारा कानपुर में आयोजित जूनियर टूर्नामेंट में हुई थी। इसके बाद इंदौर में दिवंगत वासु परांजपे की निगरानी में हुए सालाना शिविर में दोनों ने काफी समय साथ गुजारा। तेंदुलकर ने कहा, 'इंदौर में अंडर 15 शिविर में हमने काफी समय साथ गुजारा और एक दूसरे को जाना। वहीं से हमारी दोस्ती की शुरूआत हुई।' उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने, जतिन परांजपे (वासु के बेटे) और केदार गोडबोले ने गांगुली के कमरे में पानी उड़ेला था।

# विदेश संदेश

## महिला विधायक की शर्मनाक हरकत, बिकिनी में अश्लील हरकतें करती नजर आई तो लोगों ने जमकर लगाई क्लास

**आइलैंड ।** सोशल मीडिया पर एक महिला विधायक की शर्मनाक हरकत लोगों को रास नहीं आ रही जिस वजह से वह अब ट्रोल हो रही है। दरअसल, एक महिला विधायक ने अपने क्षेत्र के लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचने के लिए एक वीडियो बनाया जिसमें



वह बिकिनी में अश्लील हरकतें करती नजर आती हैं। लेकिन लोगों का ध्यान अपनी ओर अकर्षित करना तो दूर वह लोगों के गुस्से का शिकार हो गई। दरअसल, महिला विधायक टियारा मैक, अमेरिका के रोड आइलैंड के डिस्ट्रिक्ट 6 का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने हाल ही में टिकटॉक पर अपना एक वीडियो शेयर किया जिसमें वह बिकिनी में नजर आती हैं और सिर के बल खड़े होकर डांस करती दिखती हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- ब्लॉक आइलैंड पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करती एक होनहार सेनेटर।

वहीं वीडियो वायरल होते ही आइलैंड स्टेट सेनेटर टियारा मैक की खूब आलोचना हो रही है। अलोचनाओं की शिकार हुई महिला विधायक के इस वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट कर लिखा कि इस पोस्ट के बाद मैं आपकी यह शिकायत बिल्कुल भी सुनना नहीं चाहता हूं कि 'इस देश में महिलाओं की इज्जत नहीं की जाती है'। ब्रिटिश PM बोरिस जॉनसन कजवाब में महिला विधायक ने कहा- हनी बेबी. ऐसा नहीं है. क्योंकि मेरे पास I14 लीग की डिग्री है और मैं स्टेट सिनेटर के पद पर बैठी हूं. मेरे पहनावे से इसका कोई लेना देना नहीं है। बता दें कि रोड आइलैंड सीनेट के लिए टियारा मैक को 60 फीसदी वोट मिले थे और उन्होंने 5 जनवरी 2021 को यह पदभार संभाला था।

## चीन को कड़ा संदेश देने की तैयारी में भारत, लद्दाख में हो सकती है जी-20 की बैठक

**बीजिंग।** चीन के ऐतराज को दरकिनार करते हुए भारत अगले साल न सिर्फ जम्मू-कश्मीर बल्कि लद्दाख में भी जी-20 की बैठकें कर सकता है। इसे भारत की तरफ से चीन को सख्त और दो टूक संदेश के तौर पर देखा जा सकता है। भारत इस साल 1 दिसम्बर को जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। उसने 2023 में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए जम्मू-कश्मीर के नाम का प्रस्ताव दिया है। शिखर सम्मेलन से पहले भी जी-20 की कई बैठकें होंगी। भारत ने वेन्यू के तौर पर लद्दाख के नाम का भी प्रस्ताव दिया है। लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भारत और चीन की



सेनाओं के बीच पिछले करीब दो सालों से तनाव का माहौल है। कुछ जगहों पर दोनों देशों की सेनाएं पीछे हटी हैं, लेकिन गतिरोध अभी बरकरार है। रिपोर्ट के मुताबिक, लद्दाख प्रशासन ने जी-20 मीटिंग को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एल.जी.आर.के. मतुआ ने बैठक को लेकर एक सीनियर आई.ए.एस. अफसर और एक आई.पी.एस. अफसर को विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय के लिए नोडल-ऑफिसर नियुक्त किया है।

## अमेरिका के डेट्रॉयट में गोलीबारी, एक पुलिसकर्मी और एक संदिग्ध की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डेट्रॉयट में एक पुलिस अधिकारी और एक बंदूकधारी व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। डेट्रॉयट के पुलिस प्रमुख जेम्स वाइट ने यह जानकारी दी। वाइट ने कहा कि पुलिस अधिकारी और उनके सहकर्मी को बुधवार शाम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गोली चला रहा है। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे जहां संदिग्ध एक आधुनिक हथियार से उनकी दिशा में गोलीबारी कर रहा था। वाइट ने कहा कि एक अधिकारी को गोली लगी और उनके सहकर्मी ने संदिग्ध पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई। घायल अधिकारी की अस्पताल में मौत हो गई। मृत अधिकारी की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है लेकिन वाइट ने कहा कि वह पांच साल से विभाग में काम कर रहा था। मामले की जांच जारी है।

# ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन इस्तीफा देंगे:50 मंत्रियों-सांसदों के इस्तीफे के बाद लिया फैसला, पद छोड़ने से पहले देश को संबोधित करेंगे

**बीजिंगः** ब्रिटेन में मचे सियासी उठापटक के बीच प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन इस्तीफा देंगे। पिछले 48 घंटे में उनके 50 से ज्यादा मंत्री और सांसद इस्तीफा दे चुके हैं। सरकार के खिलाफ अविश्वास इस कदर बढ़ता जा रहा है कि 36 घंटे पहले ही मंत्री बनाए गए मिशेल डोनेलन ने भी इस्तीफा दे दिया।

बुधवार शाम तक कैबिनेट के 17 मंत्रियों, 12 संसदीय सचिवों और विदेशों में नियुक्त सरकार के 4 प्रतिनिधियों ने रिजाइन कर दिया था। जॉनसन के मंत्री और सांसद लगातार उनके काम करने के तरीकों पर सवाल उठा रहे थे।

**यौन शोषण के आरोपी की नियुक्ति से विवाद बढ़ा**

लॉकडाउन के दौरान जॉनसन की शराब पार्टी और यौन शोषण के आरोपी सांसद क्रिस पिंचर को डिप्टी चीफ व्हिप नियुक्त करने को लेकर भी काफी विवाद हुआ था। इस वजह से उनके खिलाफ और ज्यादा असंतोष बढ़ गया था।

हालांकि विवाद बढ़ता देख जॉनसन ने मंगलवार को माना कि



पिंचर को सरकार में शामिल करने का उनका फैसला गलत था। इसके लिए उन्होंने माफी भी मांगी। पीएम के माफी मांगने के कुछ मिनट के बाद ही दोनों मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया।

**पीएम पद के दावेदार ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता भी हुई एक्टिव-** नए पीएम की रेस में पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक और फॉरेन कॉमन वेल्थ एंड डेवलपमेंट अफेयर्स सेक्रेटरी लिज ट्रस आगे हैं। कोरोना राहत पैकेज के कारण सुनक खासे लोकप्रिय हैं। पीएम पद की दावेदारी में आगे चल रहे ऋषि सुनाक के घर पर खासी गहमा गहमी रही। ऋषि की पत्नी अक्षता मूर्ति भी एक्टिव हो गई हैं। अक्षता इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की बेटी हैं।

अक्षता का यूं खुद पत्रकारों के लिए ट्रे में चाय लेकर आना ब्रिटिश प्रेस में चर्चाओं का कारण बन रहा है। पीएम पद के दावेदारों में वर्तमान वित्त मंत्री नदीम जहावी और पूर्व विदेश मंत्री जेरेमी हंट भी दौड़ में हैं। माना जा रहा है कि पूर्व रक्षा मंत्री पैनी मॉरडॉट भी अपनी दावेदारी जता सकती हैं। बोरिस जॉनसन के खिलाफ पिछले काफी समय से पैनी मुखर रही हैं।

## बाली में मिले भारत-चीन के विदेश मंत्री, लद्दाख गतिरोध और विद्यार्थियों की वापसी पर हुई बात

**बाली।** भारत और चीन के बीच कई मसलों पर जारी गतिरोध के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने इंडोनेशिया के बाली में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर ने उनके साथ बातचीत में सीमा के हालात, चीन में भारतीय विद्यार्थियों और उड़ानों पर पाबंदियों को लेकर बातचीत की। जयशंकर व यी की यह मुलाकात जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बाली में आयोजित बैठक के मौके पर हुई। जयशंकर ने ट्वीट कर बताया, 'बाली में आज मैंने दिन की शुरुआत चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलकात के साथ की। करीब एक घंटे चर्चा चली। इसमें सीमा के हालात समेत सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई। मैंने अन्य मसलों के अलावा विद्यार्थियों और उड़ानों के मसले को भी उठाया। अंतरराष्ट्रीय हालात और जी-20 बैठक पर उसके प्रभाव की भी चर्चा की।' इस साल मई में भारत और चीन ने सीमा पर तनाव को लेकर बातचीत की थी। उन्होंने जल्द से जल्द वरिष्ठ कमांडरों की बैठक के अगले दौर को आयोजित करने



का फैसला किया।

**सैन्य कमांडरों की अगली बैठक जल्द**

इधर, दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि जयशंकर ने चीन विदेश मंत्री यी से चर्चा में कहा कि भारत और चीन के संबंध आपसी सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और एक दूसरे के हितों को ध्यान में रखने पर बेहतर ढंग से आगे बढ़ सकते हैं। जयशंकर और वांग ने जल्द ही वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की अगली बैठक होने की उम्मीद जताई।

**सैन्य व राजनयिक संपर्क सतत बनाए रखने पर सहमति**

जयशंकर और वांग यी ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि सैन्य तथा राजनयिक अधिकारियों के बीच नियमित रूप से बातचीत जारी रहनी चाहिए। जयशंकर ने पिछली वार्ता में हुए द्विपक्षीय समझौतों और उस दौरान बनी सहमति पर आगे बढ़ने के महत्व को दोहराया।

विदेश मंत्री ने पूर्वी लद्दाख के क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी की रफ्तार बनाए रखने पर एक बार फिर जोर दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) से जुड़े सभी अहम मुद्दों के जल्द समाधान का आह्वान किया। अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गतिरोध शुरू होने के बाद जयशंकर और वांग के बीच यह चौथी बैठक है। विदेश मंत्री जयशंकर जी-20 विदेश मंत्रियों की बाली में आयोजित बैठक में भाग लेने इंडोनेशिया में हैं।

## अफगानिस्तान पर सख्त हुए बाइडन, छीना गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा

**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान से सैन्य वापसी और वहां तालिबान शासन के बाद अमेरिका ने पूरी तरह से इस देश से पीछा छुटाने का निर्णय लिया है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अफगानिस्तान के एक 'प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी' का दर्जा रद्द करने की घोषणा की।



राष्ट्रपति बाइडन ने पत्र में कहा, '1961 के विदेशी सहायता अधिनियम की धारा 517 के अनुसार, संशोधित (22 यूएससी 2321द्य) के अनुसार, मैं एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी के रूप में अफगानिस्तान के पदनाम को रद्द करने की घोषणा करता हूं। दरअसल, जुलाई 2012 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने अफगानिस्तान को एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी के रूप में नामित किया था। दरअसल, अमेरिका ने पिछले साल अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुलाने की घोषणा कर दी थी। इसी के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर हमले शुरू कर दिए। 15 अगस्त, 2021 को तालिबान लड़ाके अफगानिस्तान में घुस गए और सितंबर में तालिबान ने अफगानिस्तान में पूर्ण जीत की घोषणा कर दी। इसके बाद एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया। हालांकि, अभी तक किसी भी देश द्वारा आधिकारिक रूप से इस सरकार को मान्यता नहीं मिली है। तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होते ही घोषणा की थी कि यह नया तालिबान है। हालांकि, अंतरिम सरकार के गठन के बाद तालिबान फिर से उसी पुराने अंदाज में आ गया और इस्लाम का हवाला देकर महिलाओं पर सख्त नियम लागू कर दिए। ह्यूमन राइट्स वॉच के अनुसार, तालिबान ने सभी महिलाओं को सिविल सेवा में नेतृत्व के पदों से बर्खास्त कर दिया और अधिकांश प्रांतों में लड़कियों को माध्यमिक विद्यालय में जाने से रोक दिया। तालिबान का फरमान महिलाओं को तब तक यात्रा करने से रोकता है जब तक कि एक पुरुष रिश्तेदार के साथ न हो। इसके अलावा महिलाओं के चेहरों को सार्वजनिक रूप से ढकने का आदेश भी पारित कर दिया।

## ओमिक्रॉन के नए स्वरूप बीए.2.75 पर डब्ल्यूएचओ ने किया सतर्क, दो हफ्ते में 30 फीसदी केस बढ़े

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत व कुछ अन्य देशों में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के नए उप स्वरूप बीए.2.75 मिलने की पुष्टि करने के साथ ही सतर्क किया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेसियस ने कहा कि भारत और संगठन के अन्य सदस्य देशों में कोरोना वायरस के इस नए रूप का पता चला है।

घेब्रेसियस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पिछले दो सप्ताह में दुनियाभर में कोरोना के नए मामलों में करीब 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। डब्ल्यूएचओ के छह उप-क्षेत्रों में से चार में पिछले सप्ताह वृद्धि देखी गई। यूरोप और अमेरिका में ओमिक्रॉन के BA.4 और BA.5 के कारण कोरोना लहर चल रही है। इसी बीच, भारत जैसे देशों में BA.2.75 नामक एक नए सब स्ट्रैन का का पता चला है। इस पर नजर रखी जा रही है।

**10 देशों में मिला नया स्वरूप : सौम्या स्वामीनाथन**

BA.2.75 का पता चलने पर




डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि एक नया उप स्वरूप मिला है। इसे BA.2.75 कहा जा रहा है। यह सबसे पहले भारत से रिपोर्ट किया गया था और फिर 10 अन्य देशों से। इस उपस्वरूप के विश्लेषण के लिए अभी कुछ ही अनुक्रमण मिले हैं, लेकिन इसके स्पाइक प्रोटीन में कुछेक बदलाव नजर आए हैं। इसलिए इसके बारे में अभी कुछ ज्यादा कहना जल्दबाजी होगी।

**चिंताजनक स्वरूप घोषित करने पर अभी फैसला नहीं**

स्वामीनाथन ने कहा कि यह प्रतिरक्षा तंत्र को भेद सकता है या इलाज की दृष्टि से बहुत जटिल, यह भी कहना अभी मुश्किल है। इसलिए हमें इंतजार करना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन और सार्स कोव-2 वायरस के लिए गठित उसका तकनीकी सलाहकार समूह

*घेब्रेसियस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पिछले दो सप्ताह में दुनियाभर में कोरोना के नए मामलों में करीब 30 फीसदी की वृद्धि हुई है।*

इस पर लगातार नजर रखे हुए है। वह दुनियाभर के आंकड़ों को देख रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी वक्त यदि कोई ऐसा वायरस सामने आता है, जो पिछले स्वरूप से अलग दिखता है और ऐसे सबूत मिलते हैं कि इसे चिंताजनक स्वरूप कहा जा सकता है, तो यह किया जाएगा।

## बिलावल ने ब्लिंकन से पाक-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को लेकर की बात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार कर द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने की परस्पर इच्छा दोहरायी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बिलावल ने अपने अमेरिकी समकक्ष का फोन आने पर उनसे कहा कि वह 'बार बार उच्च स्तरीय यात्राओं के प्रति आशान्वित हैं। उन्होंने ब्लिंकन से पाकिस्तानी



नागरिकों को वीजा जारी करने को आसान बनाने का अनुरोध किया। बयान के अनुसार दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान के ' मानवीय संकट से निपटने के लिए अंतरिम अफगान सरकार के साथ निरंतर संवाद/सहयोग की जरूरत भी चर्चा की। बिलावल ने ब्लिंकन के साथ अपनी बातचीत के बारे में ट्वीट किया।

## वह पीछे हटने वाले नहीं हैं : बोरिस जॉनसन

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। जॉनसन के मंत्रिमंडल में बढ़ता विद्रोह और इस्तीफों की झड़ी ने सत्ता संघर्ष को चरम पर पहुंचा दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को बोरिस जॉनसन के आधिकारिक आवास पर कैबिनेट मंत्री व पार्टी के पदाधिकारी जुटे और जॉनसन से ब्रिटिश नेता का पद छोड़ने का आग्रह किया।

## ईरान में ब्रिटिश दूतावास के उपप्रमुख गिरफ्तार, जासूसी का आरोप

**ऑतेहरान।** ईरान में ब्रिटिश दूतावास के उपप्रमुख गाइल्स ह्विटेकर को गिरफ्तार किया गया है। उन पर जासूसी के आरोप लगे हैं। उनके साथ ऑस्ट्रियाई दूतावास के प्रतिनिधि की पत्नी सहित कुछ अन्य राजनयिकों को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, ब्रिटेन ने गिरफ्तारी के दावे को झूठा बताकर संबंधित उपप्रमुख द्वारा पहले ही ईरान छोड़ देने की बात कही है।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजी) ने दावा किया है कि एक मिसाइल अभ्यास के दौरान ईरान स्थित ब्रिटिश दूतावास के उपप्रमुख गाइल्स ह्विटेकर सहित कुछ राजनयिक प्रतिबंधित क्षेत्र में मिट्टी के नमूने ले रहे थे। इनके साथ ईरान स्थित ऑस्ट्रियाई दूतावास के एक राजनयिक की पत्नी भी वहां थीं। इनके कृत्य को जासूसी करार देते हुए आईआरजी ने एक वीडियो भी जारी किया है।

इस वीडियो में दावा किया गया है कि ह्विटेकर उस स्थान पर खड़े हैं, जहां ईरान की सेना मिसाइल का परीक्षण कर रही है। इसके बाद ब्रिटिश दूतावास के उपप्रमुख ने क्षमा याचना भी की किन्तु उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा ऑस्ट्रियाई दूतावास के एक राजननयिक की पत्नी सहित कुछ अन्य राजनयिकों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक विश्वविद्यालय एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत ईरान आया था। आईआरजी का दावा है कि इन लोगों ने कुछ स्थानों से मिट्टी के नमूने एकत्र किए और ये लोग जासूसी कर रहे थे। अब इनकी अन्य गतिविधियों की जांच भी की जा रही है। ईरान के दावे के विपरीत ब्रिटेन ने इन दावों को खारिज किया है। ईरान में ब्रिटेन के राजदूत सिमन शेरलिफ ने ट्वीट करके गिरफ्तारी की बात को झूठा करार दिया और कहा कि जिस राजनयिक की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है, वे पहले ही ईरान छोड़ चुके हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## बाली में चीनी विदेश मंत्री से मिले डॉ. जयशंकर, सीमा के हालात पर हुई चर्चा

**बाली।** इंडोनेशिया के बाली में जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से अलग भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की मुलाकात चीन के विदेश मंत्री वांग यी से हुई। दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर व्याप्त तनाव सहित विविध मसलों पर चर्चा की। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस समय इंडोनेशिया की यात्रा पर हैं। वे यहां जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने आए हैं। जयशंकर ने ट्वीट कर जानकारी दी कि बाली में दिन की शुरूआत चीन के विदेश मंत्री से वांग यी से मुलाकात के साथ की। एक घंटे की इस बातचीत में दोनों विदेश मंत्रियों के बीच भारत-चीन सीमा के हालात समेत दोनों देशों के सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई।

दोनों देशों की सीमा पर चल रहे तनाव के मसले पर इस साल मई में भी दोनों देशों के बीच बातचीत हुई थी।

बुधवार को बाली में हुई वार्ता में भी यही मसला सबसे ऊपर रहा। दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की बैठक के अगले दौर के आयोजन का फैसला किया। जयशंकर ने ट्वीट में लिखा कि अन्य मसलों के अलावा उन्होंने चीन में अध्ययन रत भारतीय विद्यार्थियों की समस्याएं भी उठाईं। साथ ही दोनों देशों के बीच विमानों के संचालन के मसले पर भी बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रून युद्ध के बाद बदल रहे अंतरराष्ट्रीय हालात और जी-20 बैठक पर उसके प्रभाव पर भी चर्चा की।

## संकटग्रस्त श्रीलंका की नजर अब भारतीय पर्यटकों पर, टूरिज्म बढ़ाने के लिए बनाया ये प्लान

**तेहरानः** संकटग्रस्त श्रीलंका ने आर्थिक मंदहाली से निकलने के लिए अब भारतीय पर्यटकों को लुभाने का प्लान बनाया है। श्रीलंका के पर्यटन मंत्री ने बुधवार को कहा कि संकटग्रस्त द्वीप में अधिक विदेशी मुद्रा लाने के लिए श्रीलंका अपने दुनिया के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले उत्तरी पड़ोसी भारत से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पांच प्रमुख भारतीय शहरों में रोड शो आयोजित करेगा। अपनी रोलिंग पहाड़ियों, प्राचीन समुद्र तटों और शांत समुद्र तटीय शहरों के लिए जाना जाता श्रीलंका सात दशकों में अपने सबसे खराब वित्तीय संकट से जूझ रहा है। देश के हालात आर्थिक कुप्रबंधन और कोविड-19 महामारी से अधिक खराब हो गए और इसी कारण देश से आकर्षक पर्यटन उद्योग का




सफाया हो गया है।

22 मिलियन लोगों का देश श्रीलंका अब आवश्यक वस्तुओं का आयात करने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा के का आभाव से जूझ रहा है । आर्थिक तंगी के चलते ही देश में दवा, भोजन और ईंधन की कमी हो गई है। खास बात यह है कि राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद श्रीलंका ने इस साल के पहले पांच महीनों में 61,951 भारतीय पर्यटकों की लगातार भीड़ देखी हैजो किसी भी विदेशी देश से सबसे अधिक है। यही वजह कि श्रीलंकन सरकार ने अब अपनी कंगाली दूर करने के लिए अधिक भारतीयों को आकर्षित करने की योजना बनाई है।पर्यटन मंत्री हरिन फर्नांडो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'श्रीलंका को इस संकट से उभरने के लिए पर्यटन राजस्व बड़ा सहायक साबित हो सकता है। फर्नांडो ने कहा कि इसके लिए श्रीलंका का पर्यटन मंत्रालय पांच प्रमुख भारतीय शहरों में रोड शो आयोजित करेगा, जिसमें डेस्टीनेशन वेडिंग के अलावा व्यापार और घूमने के इच्छुक यात्रियों को आकर्षित करने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा, 'भारत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण बाजार है।' फर्नांडो ने कहा कि पिछले साल 200,000 की तुलना में देश इश साल लगभग दस लाख पर्यटकों के आने की उम्मीद करता है। हालांकि ब्रिटेन सहित कुछ देशों ने नागरिकों को केवल श्रीलंका की आवश्यक यात्रा करने के लिए सलाह जारी की है। फर्नांडो ने कहा, 'हमें विश्वास है कि सर्दी का मौसम अच्छा रहेगा। बता दें कि आर्थिक मंदहाली के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे श्रीलंका में ईंधन की कमी के कारण देश भर में सरकारी स्कूल व दफ्तर बंद कर दिए गए हैं और कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है। देश अगस्त में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को अपनी ऋण पुनर्गठन योजना पेश करेगा, जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए संभावित .3 बिलियन के कार्यक्रम को हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।